

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 16वें सिविल सर्विस डे पर आईएएस अधिकारियों को संबोधित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 110 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

# पुंछ अटैक: हमलावरों की तलाश जारी

## घायल जवान बोला- 7 आतंकियों ने ग्रेनेड अटैक किया, 5 फौजी शहीद हुए, पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने ड्रोन-स्निफर डॉग से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**कश्मीर** में सेना के ट्रक पर आतंकी हमले के मामले में नई जानकारी सामने आ रही है। डिफेंस सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में घायल एक जवान ने बताया कि रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अटैक में कम से कम 7 आतंकी शामिल हो सकते हैं। उधर, जवानों पर आतंकी हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम पुंछ रवाना हो गई है। शुक्रवार दोपहर तक टीम घटनास्थल भीमबेर गली इलाके में पहुंचेगी। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम ने सुबह जाकर पूरे इलाके की जांच की। भीमबेर गली पुंछ से 90 किलोमीटर और लाइन ऑफ कंट्रोल से 7 किमी दूर है। यहां बेहद घना जंगल है। इस इलाके में 6 से 7 पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी के इंटेलिजेंस इनपुट हैं। पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने ड्रोन-स्निफर डॉग से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आतंकी दो ग्रुप में बंटे हैं। हमला गुरुवार दोपहर 3 बजे राजौरी सेक्टर में तब हुआ, जब सेना के तीन वाहन जवानों को लेकर राजौरी-पुंछ नेशनल हाईवे पर भीमबेर गली से पुंछ की तरफ जा रहे थे।

तेज बारिश और कम विजिबिलिटी का फायदा उठाकर आतंकियों ने घात लगाकर एक वाहन को घेरा। इसके बाद ग्रेनेड फेंके और करीब 50 राउंड फायर किए। इससे वाहन में आग लग गई। इस हमले में राष्ट्रीय रायफल्स यूनिट के 5 जवान शहीद हो गए। एक जवान जख्मी हुआ था। हमले की जिम्मेदारी पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट ने ली है। कल दोपहर में सेना ने इसे हादसा बताया था, लेकिन शाम 6:33 बजे पुष्टि की कि यह आतंकी हमला है। तेज बारिश और कम दृश्यता का फायदा उठाकर आतंकियों ने घात लगाकर वाहन को घेरा। फिर हमला किया।





### कौन है पीएएफएफ...?

**पीपुल्स** एंटी-फासिस्ट फ्रंट पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद समर्थित समूह है। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से ही पीएएफएफ का नाम सामने आने लगा था। यह संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद के मारे गए कमांडर जाकिर मूसा से प्रेरित है, जो आतंकी संगठन अल-कायदा का वफादार माना जाता है।

**ओडिशा और पंजाब के रहने वाले थे शहीद जवान:** शहीदों की पहचान लांस नायक देबाशीष बसवाल, लांस नायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकिशन सिंह, सिपाही सेवक सिंह और हवलदार मनदीप सिंह के रूप में हुई है। इनमें से लांस नायक देबाशीष बसवाल ओडिशा के रहने वाले हैं, अन्य चार शहीद पंजाब के निवासी हैं।

## हरियाणा-पंजाब से वाटर सेस नहीं ले सकेगा हिमाचल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा**-पंजाब से अब हिमाचल प्रदेश वाटर सेस नहीं ले सकेगा। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के वाटर सेस के फैसले पर रोक लगा दी है। केंद्र की ओर से लेटर जारी कर हिमाचल प्रदेश को वॉर्निंग दी गई है कि यदि वह ऐसा करता है तो केंद्र की ओर से दी जाने वाली सभी ग्रांट पर रोक लगा दी जाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने केंद्र के इस फैसले की पुष्टि की है। केंद्र द्वारा हिमाचल प्रदेश को भेजी गई चिट्ठी में लिखा है कि 'आप किसी अंतरराज्यीय समझौते का उल्लंघन नहीं कर सकते। साथ ही किसी प्रकार का वाटर सेस नहीं लगा सकते हैं, यदि राज्य के द्वारा ऐसा किया जाता है तो केंद्र द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की ग्रांट को केंद्र सरकार रोक देगी। हालांकि केंद्र की चिट्ठी को लेकर अभी तक हिमाचल प्रदेश की ओर से कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है। तंगी से जूझ रही हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने राजस्व बढ़ाने के लिए पनबिजली उत्पादन पर वाटर सेस लागू किया है। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर राजस्व जुटाने के लिए प्रदेश सरकार ने बिजली उत्पादन पर पानी का सेस लगाने का फैसला लिया है।



**केंद्र की सख्ती**

= केंद्र सरकार ने लगाई रोक; सेंट्रल ग्रांट रोकने की वॉर्निंग, सीएम मनोहर की सीएम सुक्खू से आज मीटिंग

## अडाणी ने मुझ तक पहुंचने की कोशिश की: महुआ मोइत्रा

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि बिजनेसमैन गौतम अडाणी से मुझ तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दरवाजा तक नहीं मिली। उसमें दाखिल होना तो दूर की बात है। मेरे पास उनसे बातचीत करने के लिए कुछ भी नहीं है। मेरा मानना है कि जब तक सरकार अडाणी से जुड़े मामले में कार्रवाई नहीं करती, किसी भी नेता को उस शख्स से संबंध नहीं रखना चाहिए। सांसद ने एनसीपी नेता शरद पवार की गौतम अडाणी से मुलाकात की भी आलोचना की। उन्होंने शरद पवार और अडाणी की मुलाकात की एक खबर शेयर करते





## ज्ञानवापी मामला: वुजू के लिए 6 टब रखे जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**वाराणसी के** ज्ञानवापी मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर के अंदर वुजू स्थल और टॉयलेट की व्यवस्था कराने की मांग की। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए यूपी सरकार को ज्ञानवापी परिसर में 6 टब उपलब्ध कराने का आदेश दिया। कहा कि पानी की व्यवस्था करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट निगरानी करेंगे। यह व्यवस्था केवल ईद तक रहेगी। इसके बाद डीएम निरीक्षण करेंगे। बता दें कि वुजूखाना 11 महीने से सील है। मुस्लिम पक्ष ने इसको लेकर 6 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की पीठ में याचिका दायर की थी। इसमें उनकी ओर से कहा गया था कि वुजू के लिए पानी का इस्तेमाल ड्रम से किया जा रहा है। रमजान को देखते हुए नमाजियों की संख्या बढ़ गई है। इसलिए वुजू स्थल और टॉयलेट की व्यवस्था कराई जाए। 14 अप्रैल को छुट्टी होने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को मामले की सुनवाई की थी। कोर्ट ने वाराणसी के डीएम को निर्देश दिया था कि ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिम श्रद्धालुओं के वुजू के लिए सही व्यवस्था कराने के लिए एक बैठक करें। डीएम ने बैठक कर रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को भेज दी थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने यूपी सरकार की तरफ से कहा कि वुजू के लिए 6 टब दिए जाएंगे।



## पटना में नमाज के बाद अतीक के समर्थन में लगे नारे



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**पटना** में शुक्रवार को जुमातुल विदा की नमाज के बाद अतीक के समर्थन में नारे लगे हैं। पटना जंक्शन के पास मस्जिद में नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अतीक अहमद अमर रहे के नारे लगाए। योगी-मोदी के खिलाफ भी नारेबाजी की। अतीक के समर्थन में नारेबाजी कर रहे रईस अंसारी उर्फ रईस गजनबी हैं। पटना जंक्शन के पास ही उसकी दुकान है। उन्होंने कहा कि आज हमने अल्लाह से दुआ की है अतीक अहमद और अशरफ अहमद की शहादत को कबूल फरमाएं।



# हरियाणा को क्राइम फ्री करने का प्लान

## कानून व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए प्रत्येक माह विशेष अभियान चलाए जाएंगे: गृह विभाग ने एक वार्षिक अभियान कैलेंडर तैयार किया - अनिल विज

**8 वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य में अमन चैन को कायम रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में अब कानून व्यवस्था को पुख्ता रूप से कायम रखने के लिए प्रत्येक माह विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इस संबंध में गृह विभाग ने एक कैलेंडर तैयार किया है जिसके तहत हर माह प्रदेश में राज्य पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए गृह मंत्री ने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य में अमन चैन को कायम रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार ने विभिन्न कदम उठाते हुए कई नई पहल की है और व्यवस्था परिवर्तन के साथ-साथ तकनीक का प्रयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके गृह मंत्री रहते हुए हरियाणा पुलिस ने कई उपलब्धियां हासिल की जैसे कि पुलिस कलर मिलना, पासपोर्ट वेरिफिकेशन में अव्वल आना, डायल 112 सेवा की शुरूआत, सीसीटीएनएस में अव्वल आना इत्यादि शामिल हैं ।

**वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक अभियान कैलेंडर के अंतर्गत हर महीने के अभियान की रखी थीम:** उन्होंने कहा कि अब पुलिस द्वारा चलाए जाने वाले अभियानों को पूरे वर्ष संचालित करने के लिए कैलेंडर तैयार किया गया है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। विज ने पुलिस द्वारा चलाए जाने वाले अभियानों की जानकारी सांझा करते हुए कहा कि वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक अभियान कैलेंडर के अंतर्गत अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 तक हर महीने के अभियान की थीम से संबंधित महीने में आने वाली थीम के साथ दिन/सप्ताह के साथ जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य पुलिस के प्रयासों को प्रचलित भावना के साथ जोड़ना है।

संबंधित जिलों के एसपी/डीसीपी इन अभियानो को संचालित करेंगेः उन्होंने बताया कि अभियान के लिए चुने गए 12 विषयों में महत्वपूर्ण पुलिस कार्यों को शामिल करने के साथ-साथ प्रदर्शन को निर्धारित किया गया है ताकि फील्ड इकाइयों को यह पता चल सके कि अन्य इकाइयों की तुलना में उन्हें क्या करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संबंधित जिलों के एसपी/डीसीपी इन अभियानो को संचालित करेंगे।

वे प्रतिदिन उपलब्धियों की निगरानी कर यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी इकाइयों में संबंधित यूनिटों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

इसके अलावा, एसपी/सीपी अभियान के बाद के महीने के दूसरे दिन निर्धारित प्रारूप में अपनी प्रदर्शन रिपोर्ट भी भेजेंगे। उन्होंने बताया कि सीपी/आईजी/एडीजी रेंज बताए गए मापदंडों पर हर सप्ताह अपनी देखरेख में इकाइयों द्वारा हासिल की गई प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा, डीआईजी, एससीबी इन गणनाओं पर साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट एकत्र करेंगे और सक्षम प्राधिकारी के अवलोकन के लिए प्रस्तुत करेंगे।

### जून माह में अंतरराज्यीय मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ अभियानः विज

**गृह** मंत्री ने बताया कि जून माह में अंतरराज्यीय मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ (26 जून: नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस) विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ऐसे पिछले अपराधियों की संख्या की जांच की गई, उनकी हिस्ट्री-शीट/व्यक्तिगत फाइलें बनाई गईं, पहचान किए गए और गिरफ्तार किए गए नए अंतर्राज्यीय मादक पदार्थों के तस्करों की संख्या और उनसे की गई बरामदगी, दर्ज किए गए ऐसे तस्करों की संख्या, नशीली दवाओं के तस्करों की अपराध आय का मूल्य अटैच्ड और अवैध अतिक्रमण हटाया गया, बरामद ड्रग्स की मात्रा का निस्तारण किया गया, इत्यादि पर कार्यवाही होगी।

**जुलाई माह में अंतरराज्यीय हथियार सप्लायरों के खिलाफ विशेष अभियान** : उन्होंने बताया कि जुलाई माह में अंतर्राज्यीय हथियार सप्लायरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत ऐसे पिछले अपराधियों की संख्या की जांच, सक्रिय लोगों की हिस्ट्रीशीट/व्यक्तिगत फाइलें बनाई गईं; ऐसे नए अपराधियों की संख्या की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया और मामलों की संख्या पर काम किया गया और उनसे जब्त किए गए हथियारों की संख्या और उनके अपराध की आय के मूल्य संलग्न पर कार्रवाई की जाएगी।

**अगस्त माह में महिला सुरक्षा पर विशेष अभियान:** विज ने बताया कि अगस्त माह में महिला सुरक्षा (रक्षा बंधन) पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत आत्मरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन, जागरूकता सत्र, माह के दौरान अंडर इन्वेस्टिगेशन में कमी आई; आईटीटीएसओ (यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग प्रणाली) में सुधार हुआ; चिन्हित किए गए सीरियल यौन अपराधियों की संख्या और ऐसे अपराधियों की हिस्ट्री शीट की संख्या इत्यादि पर कार्य किया जायेगा।

# 'प्रदेश में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के कृषि मंत्री जे पी दलाल ने कहा कि गेहूं खरीद के मामले में पहले 6 प्रतिशत तक टूटे दाने की छूट होती थी। अब केन्द्र सरकार की परमिशन से टूटे दाने को लेकर 18 प्रतिशत की छूट मिल गई है। इससे किसानों और व्यापारियों, दोनों को ही फायदा होगा। उन्होंने कहा कि खराब दाने को लेकर भी सरकार से परमिशन ली गई है और किसानों का कोई पैसा नहीं कटेगा। इसके अलावा, फसल के खराबे को लेकर गिरदावरी का काम भी पूरा हो चुका है। कृषि मंत्री आज कैथल की नई अनाज मंडी में गेहूं खरीद के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गेहूं के उठान और लदान का काम सुचारू रूप से किया जा रहा है। सभी मंडियों से 43 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। इस विषय को लेकर अधिकारियों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे सभी मंडियों में बारदाना पूरा रखें। उठान और लदान का काम सुचारू रूप से होना चाहिए और किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की शेड बनवाने की मांग को जल्द पूरा किया जाएगा। इस संदर्भ में अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर विधायक लीला राम ने कहा कि मंडियों में खरीद का कार्य सही ढंग से होना चाहिए।

# इनेलो-आप छोड़कर दो बड़े नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन



**8 इस बार लोग बीजेपी-जेजेपी को सत्ता से बेदखल करके बड़े बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा में इसबार चुनाव की महज औपचारिकता बाकी है। जनता ने पहले ही बदलाव का मन बना लिया है। इस बार लोग बीजेपी-जेजेपी को सत्ता से बेदखल करके बड़े बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। लगातार कांग्रेस में अन्य दलों के नेताओं की जॉइनिंग से उत्साहित हुड्डा ने यह दावा किया। पिछले कुछ महीनों में बीजेपी, जेजेपी, इनेलो, आम आदमी पार्टी व अन्य दलों को छोड़कर करीब 50 बड़े नेता कांग्रेस ज्वाइन कर चुके हैं। इसी कड़ी में इंडियन नेशनल लोकदल की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) निर्मला सिकरीवाल ने कांग्रेस ज्वाइन की। साथ ही आम आदमी पार्टी के एससी सेल के हरियाणा उपाध्यक्ष (मध्य जोन) और महिला एवं बाल विकास विभाग के रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट रमेश सिकरीवाल ने भी कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस पार्टी की नीतियों और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए दोनों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हुड्डा ने दोनों नेताओं का स्वागत किया और उन्हें पूर्ण मान सम्मान का भरोसा दिलाया है। दोनों नेताओं ने बताया कि बीजेपी-जेजेपी से परेशान जनता अब कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। इसबार भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनेगी और हरियाणा फिर से विकास के मामले में नंबर वन प्रदेश बनेगा।

# पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने पीजीटी परीक्षा पर लगाई रोक

**8 दिसंबर 2022 में एचपीएससी ने 50 प्रतिशत अंक लाने जरूरी और नेगेटिव मार्किंग को शामिल कर तीसरी बार पदों को लेकर विज्ञापन जारी किया गया। मार्च 2023 में भर्ती वापस ले ली गई। 20 मार्च 2023 को नया नियम बनाया कि परीक्षा मल्टीपल च्वॉइस नहीं, विस्तृत होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब-हरियाणा** हाई कोर्ट ने पीजीटी अध्यापकों की भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को यह फैसला परीक्षा पैटर्न बदले जाने के कारण लिया है। हरियाणा की पीजीटी की भर्ती पिछले चार साल से लंबित है। सबसे पहले 2019 में पीजीटी के 4476 पदों के लिए भर्ती निकाली गई। इसके बाद वर्ष 2021 में फिर इन्हीं पदों का दोबारा विज्ञापन निकाला गया। पहले भर्ती की जिम्मेदारी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को दी गई थी, लेकिन सरकार ने फैसला लिया कि ग्रुप ए और बी की भर्ती हरियाणा लोक सेवा आयोग करेगा।

दिसंबर 2022 में एचपीएससी ने 50 प्रतिशत अंक लाने जरूरी और नेगेटिव मार्किंग को शामिल कर तीसरी बार पदों को लेकर विज्ञापन जारी किया गया। मार्च 2023 में भर्ती वापस ले ली गई। 20 मार्च 2023 को नया नियम बनाया कि परीक्षा मल्टीपल च्वॉइस नहीं, विस्तृत होगी। 29 मार्च को फिर इसमें संशोधन कर कहा कि पीजीटी के लिए एक प्रारंभिक और दूसरी मुख्य परीक्षा यानी दो परीक्षाएं होंगी।

हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता पूनम ने बताया कि अगस्त 2019 में हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने पीजीटी के विभिन्न विषय के शिक्षकों के पद भरने के लिए विज्ञापन जारी किया था। नवंबर 2020 में पदों को भरने की जिम्मेदारी एचपीएससी को दी गई और इसके लिए फिर से विज्ञापन जारी किया गया। भर्ती को पूरा करने के लिए दिसंबर 2022 में परीक्षा का पैटर्न जारी किया। इसके अनुसार 150 मल्टीपल च्वॉइस प्रश्न पूछे जाने थे।

इसके बाद 20 मार्च को एचपीएससी ने परीक्षा की नई योजना जारी कर दी। इसके अनुसार परीक्षा को दो चरणों में विभाजित कर दिया गया। इसके तहत प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा आयोजित करना तय किया गया। याचिकाकर्ता ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद इस प्रकार नियमों में बदलाव करना सही नहीं है।






## न्यूज फ्लैश

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के 13 वर्षीय सुमेध ने अपनी तरह का एक 'सोलर कार' प्रोटोटाइप किया डिजाइन

**गुरुग्राम।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56, गुरुग्राम के 13 वर्षीय सुमेध, सड़क और घर पर एकत्रित सामग्री और सामग्रियों से एक सौर ऊर्जा से चलने वाली कार का निर्माण किया है। उन्होंने इस निर्माण में कार्डबोर्ड, बैटरी, सौर सेल और अन्य सामग्रियों का उपयोग किया। यह "सौर-संचालित" वाहन सीओ 2 का उत्सर्जन नहीं करता है। कार को चार्ज करने के लिए सूरज की रोशनी का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण कम होगा। सुमेध ने बताया की "ईंधन के संरक्षण और प्रदूषण को कम करने के लिए, मैंने सौर ऊर्जा से चलने वाले ऑटोमोबाइल पर अपना प्रोजेक्ट पूरा किया। मेरी तकनीक पूरी तरह से सौर ऊर्जा द्वारा संचालित है और कोई प्रदूषक पैदा नहीं करती है। इसे एक बार के शुल्क पर बिजली की लागत को स्थायी रूप से समाप्त किया जा सकता है। स्कूल में विज्ञान कार्यशालाओं और प्रायोगिक सत्रों के साथ-साथ शिक्षकों और माता-पिता के मार्गदर्शन ने मुझे इस इनोवेटिव विचार को पूरा करने में मदद की। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56, गुरुग्राम की प्रिंसिपल विभा गुप्ता ने कहा कि "हर कोई जानता है कि प्रदूषण दिल्ली एनसीआर और गुरुग्राम में प्राथमिक मुद्दों में से एक है। शहर के नागरिकों को स्वच्छ हवा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए परिवहन के नवीकरणीय रूप पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। शायद यही कारण है कि कई अच्छी तरह से स्थापित कंपनियां और नई स्टार्टअप भी सौर ऊर्जा पर अपना ध्यान बढ़ा रहे हैं। हम अपने छात्रों को हमारे स्कूल में विज्ञान कार्यशालाओं के माध्यम से नवीन विचारों के साथ आने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि वे इस तरह के प्रोटोटाइप डिजाइन कर सकें। मुझे कोई संदेह नहीं है कि एक दिन सुमेध का आविष्कार रियलिटी में हमें दिखेगा।" अमितेश नलिन, क्लास टीचर और ओसीएफपी फैकल्टी, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56, गुरुग्राम ने कहा कि "सुमेध द्वारा बनाए गए प्रोटोटाइप में अविश्वसनीय रूप से इनोवेटिव और समाज के लिए आशाजनक होने की क्षमता है। सुमेध के साथ सहयोग करते हुए, हम इस प्रोटोटाइप पर काम करना चाहते हैं, इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं और इसे अखिल भारतीय विज्ञान प्रदर्शनी जैसे महत्वपूर्ण मंचों पर प्रदर्शित करना चाहते हैं। सुमेध निस्संदेह विज्ञान और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा",

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# बकाया भुगतान के लिए किसानों की मिल प्रबंधन से तनातनी

**गन्ने के ब्याज सहित भुगतान को लेकर 28 को प्रदेशभर के शुगर मिलों में होगा प्रदर्शन: रतनमान, किसानों के बकाया पड़े 80 करोड़ रूपए से अधिक के भुगतान**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भादसों** शुगर मिल में किसानों के बकाया पड़े 80 करोड़ रूपए से अधिक के भुगतान और अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय गन्ना एक्शन कमेटी और भारतीय किसान यूनियन के नेताओं की मिल प्रबंधन के साथ हंगामी बैठक हुई। इस दौरान किसान नेताओं ने किसानों के गन्ने के बकाया राशि को लेकर मिल प्रबंधन के सामने तीखे सवाल उठाए गए। बैठक की अध्यक्षता भारतीय गन्ना एक्शन कमेटी के अध्यक्ष जसवीर सिंह जैनपुर ने की, जिसमें बतौर अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान पहुंचे। रतन मान के नेतृत्व में इक्ट्ठा हुए किसानों ने भादसों शुगर मिल के जीएम राज सिंह और गन्ना प्रबंधक कर्म सिंह के साथ गन्ने के भुगतान में हो रही देरी को लेकर किसानों की कई गंभीर समस्याओं पर चर्चा की। किसानों ने मिल प्रबंधन द्वारा भुगतान को लेकर कोई ठोस आश्वासन व वायदा न करने से मिल परिसर में जोरदार नारेबाजी कर रोष जाहिर किया। आंदोलित किसनों ने एक स्वर में चेताते हुए कहा कि जब तक गन्ने की एक एक पाई का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक वह चुप नहीं बैठेंगें। किसान नेता रतन मान ने शुगर मिल प्रबंधन को बकाया भुगतान 15 मई तक करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि इस दिन मिल गेट के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा और पक्का मोर्चा लगाने का भी निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने गन्ने का बकाया भुगतान ब्याज सहित करने की मांग को लेकर 28 अप्रैल को प्रदेश के सभी शुगर मिलों में प्रदर्शन कर ज्ञापन देने की घोषणा भी की। किसान नेताओं ने कहा कि भादसों शुगर मिल में किसानों की गन्ने की बकाया भुगतान को लेकर किसानों के साथ मिल प्रबंधन द्वारा बेइंसाफी की जा रही है। किसानों को 2 महीने से गन्ने का बकाया भुगतान नहीं मिल रहा है। मिल की तरफ किसानों का करीब 80 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया भुगतान पड़ा है, जिसे किसानों को देने में मिल प्रबंधन ढुलमुल रवैया अपना रहा हैं। भुगतान न मिलने के कारण किसानों को भारी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार की देनदारियों और बच्चों की स्कूल की फीस, किताबें व वर्दिया के भुगतान की समस्या आड़े आ रही है। उन्होंने कहा कि केन कंट्रोल बोर्ड के नियम के अनुसार किसानों को गन्ने का भुगतान शुगर मिलों द्वारा 14 दिन के भीतर करना तय किया गया है। यदि

**8 किसान नेताओं ने किसानों के गन्ने के बकाया राशि को लेकर मिल प्रबंधन के सामने तीखे सवाल उठाए गए**

किसानों को गन्ने के भुगतान की राशि 14 दिन के बाद की जाती है तो शुगर मिल को ब्याज सहित किसान को भुगतान की करना पड़ेगा। इसके बावजूद भी शुगर मिलों द्वारा किसानों को देरी से भुगतान करने पर ब्याज की अदायगी नहीं की जा रही है।
रतन मान ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन छेडने.की रूपरेखा तय कर रही है। आने वाली 28 अप्रैल को प्रदेशभर के सभी शुगर मिलों में धरना प्रदर्शन कर मिल प्रबंधन को 14 दिन के अंदर भुगतान न करने पर ब्याज सहित भुगतान करने का ज्ञापन सौंपे जाएगें। इस बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सख्ती से उपरोक्त निर्देश लागू करने का आग्रह कई बार किया जा चुका है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसान अब चुप बैठने वाला नहीं है। शुगर मिल किसानों को भुगतान की अदायगी रोककर करोड़ों रुपए का ब्याज हड़प रहा है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इस मामले में किसान अदालत का दरवाजा भी खटखटा सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल किसान हितेषी होने के खाली ढोल बजा रही है।
भारतीय गन्ना एक्शन कमेटी के अध्यक्ष जसवीर जैनपुर ने कहा कि भादसों शुगर मिल में किसान कभी मिल चलाने को लेकर तथा कभी भुगतान को लेकर आंदोलन ही कर रहे हैं। इस मिल प्रबंधन की कुव्यवस्थाओं के कारण किसानों में आक्रोश है तथा किसानों को गन्ने की खेती नष्ट करने पर बाध्य किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भादसों शुगर मिल प्रबंधन ने अपना रवैया नहीं बदला तो किसान आर पार का आंदोलन छेडने के लिए विवश हो जाएगें।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिए 19 अप्रैल को मिली वितिय स्वीकृति

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस क्षेत्र में टूटी सड़कों से परेशान उद्योगपतियों को अब राहत मिल जाएगी। अब एचएसआईआईडीसी मुख्यालय पंचकूला से सड़कों के निर्माण के लिए बुधवार को ही 8 करोड़ 28 लाख रुपएं की स्वीकृति 19 अप्रैल को दो दिन पहले मिल गई है। मैसर्ज अजीत कंस्टेक्शन कंपनी अब काम शुरू कर देगी। उसे सभी सड़कों के निर्माण का काम पूरा करने के लिए लगभग 8 माह का समय मिला है। काफी समय से टैंडर लगने के बाद वितिय स्वीकृति न मिलने के कारण उद्योगपतियों को जल्दी सड़क निर्माण शुरू होने की उम्मीद खत्म हो गई थी। क्योंकि टैंडर लगने के बाद भी कई माह का समय बीत चुका है लेकिन वितिय स्वीकृति न मिलने के कारण काम अधर में लटका था। ज्ञात रहे कि उद्योगपति हर साल सरकार को करोड़ों रुपए का टैक्स देने के साथ ,एचएसआईआईडीसी को भी लाखों रुपए मेंटिनेंस के नाम पर दे रहे है। उसके बदले एचएसआईआईडीसी की अनदेखी के कारण वे टूटी सड़कों पर चलने को मजबूर है। उद्योपतियों का कहना कि उन्हें सुविधाओं के नाम पर टूटी सड़के,एरिया में खराब स्ट्रीट लाइट पड़ी है। औद्योगिक क्षेत्र में सड़क बदहाल होने से व्यापारियों काफी परेशान है। उनका कहना कि सड़कों का मेंटेनेंस कई सालों से नहीं कराया है। सड़कों से हेवी लोडेड ट्रक गुजरने से सड़क जगह जगह से धंस गई है।

## निगम आयुक्त ने वार्ड 1 व 2 में हुए विकास कार्यों का किया निरीक्षण




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शहर के कुछ वार्डों में भिन्न-भिन्न कॉट्रैक्टर द्वारा किए गए विकास कार्यों की पेमेंट करने से पहले विजिट करके कार्य की गुणवत्ता जांची। इस दौरान वार्ड 1 के बसंत विहार एरिया में लिंक गलियों में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाए जाने की काम का निरीक्षण किया। कार्य में प्रयुक्त मेटीरियल सही पैमाने के हिसाब से लगाया गया था। कार्य की बात करें तो यह करीब एक माह पहले मुकम्मल हो गया था। निगमायुक्त ने जांच की, सभी चीजें संतोषजनक पाई गई। इसके बाद 60 लाख रुपए की फाईल को पेमेंट के लिए ओके कर दिया। इसके पश्चात निगमायुक्त ने बसंत विहार में ही गली नम्बर-8 में नगर निगम द्वारा बनवाई गई स्टोरम वाटर की छोटी नालियों को चैक किया, इन्हें मेन लाईन से कनैक्ट किया गया है। निरीक्षण में कुछ नालियां ब्लॉक मिली। इसके लिए नगर निगम के एक्सईएन सतीश शर्मा को निर्देश दिए कि जिस एजेंसी द्वारा काम करवाया गया है, उसी से इन खामियों को दूर करवाएं। कार्य, दोष दायित्व अविध में हो तो ओर अच्छा है, अन्यथा नया टैण्डर लगाकर दुरूस्त करवाएं। निगमायुक्त ने वार्ड 2 स्थित एल.आई.सी. कॉलोनी में मौजूद 2 पार्कों की विजिट कर उनमें नगर निगम द्वारा करवाए गए कुछ कार्यों को देखा। इनमें पार्कों की बाउण्डरी वाल को कुछ ऊंचा उठाया गया था, हट का निर्माण और आरसीसी बैंच भी लगाए गए थे। गेट, ग्रिल व पेंट के भी कुछ कार्य हुए थे। सभी काम संतोषजनक मिले और सम्बंधित एजेंसी को पेमेंट करने के निर्देश दिए। हालांकि पार्कों में लगाए गए ओपन एयर जिम के उपकरणो में कुछ खामियां मिली, इन्हें दुरूस्त करने के लिए केएससीएल को पत्र लिखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड 9 में कुंजपुरा रोड से सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-9 को जाने वाली करीब 700 मीटर लम्बी सडक के सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

## हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव करवाने को लेकर इनसो ने सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्श इंडिया/पानीपत**
छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) के छात्र नेता बलराज देशवाल की अध्यक्षता में एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के छात्रों ने हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर शुक्रवार का कॉलेज प्राचार्य अनुपम अरोड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इनसो छात्र नेता बलराज देशवाल ने बताया की छात्र हित को ध्यान में रखते हुए इसी वर्ष ही दिल्ली , पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा में भी प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाएं जाएं। बलराज देशवाल ने बताया की इनसो हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने को लेकर सरकार पर दबाव बनाकर हर हाल में ही हरियाणा के सभी शिक्षण संस्थानों में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव इसी वर्ष सितम्बर माह में करवाएगी।

## बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओ का अभिषेक ने संभाला कार्यभार

**गन्नौर।** पिछ्लले करीब तीन माह से रिक्त पड़े बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओ का कार्यभार शुक्रवार को अभिषेक ने संभाल लिया है। वे पंचकुला से तबादला होकर आए है। एसडीओं अभिषेक ने बताया कि उनकी प्राथमिकता है कि कार्यालय में आने वाले सभी उपभोक्ता की समस्याओं को सुनकर उनका तुरन्त समाधान करे। उन्होंने कहा कि जगमग योजना में शामिल शेष गांवों को भी जगमग योजना से जोड़ने के लिए कार्य किया जाएगा। इसके अलावा जो गांव जगमग योजना से जुड़े है।

## स्मैक की तस्करी करते हुए आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा एक आरोपी को स्मैक की तस्करी करते हुए मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 8 ग्राम 18 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर ड्रेन पुल कैथल-निसिंग रोड पर नाकेबंदी के दौरान आरोपी रणजीत सिंह उर्फ जीत पुत्र गुरुमुख सिंह वासी डेरा गांव अमुपुर नजदीक गऊशाला जिला करनाल को स्पलेंडर मोटरसाइकिल नंबर एचआर05वाई-3034 सहित काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पोलोथीन में से 8 ग्राम 18 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुई व आरोपी की मोटरसाइकिल को भी कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।
पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह पिछले कुछ समय से स्मैक खरीदकर बेचने का काम करता है और खुद भी स्मैक का नशा करने का आदि है। आरोपी ने बताया वह उपरोक्त स्मैक को निसिंग के ही एक व्यक्ति से करीब आठ हजार रुपए में खरीदकर लाया था। आरोपी स्मैक को नशे के आदि लोगों को डेढ़ से दो गुना महंगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाता था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी जिस व्यक्ति से स्मैक खरीदकर लाया था, उस व्यक्ति की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## बलराम गौशाला समिति ने जताया विधायक विज का आभार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत में रिफाइनरी रोड स्थित बलराम गौशाला बडौली के गौवंश के चारे के लिये शहरी विधायक प्रमोद विज ने पांच लाख रूपए की ग्रांट दी है। विधायक विज ने गौसेवा के साथ ही सामाजिक कार्य करने वाले फ्लाइंग क्लब को भी एक लाख की ग्रांट दी है। वहीं बलराम गौशाला बडौली के प्रधान रविंद्र बडौली व उनकी टीम और फ्लाइंग क्लब की टीम द्वारा शुक्रवार को विधायक प्रमोद विज का उनके कार्यालय में बुके देकर और स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। रविंद्र बडौली ने बताया कि गौवंश के चारे के लिये इस बार तुडी को लेकर बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और विधायक प्रमोद विज ने ऐसी जरूरत के समय पांच लाख रूपए की ग्रांट गौशाला को देकर बहुत नेक कार्य किया है। इसके लिये समस्त गौशाला समिति विधायक का धन्यवाद व्यक्त करती है। रविंद्र बडौली ने कहा कि शहरी विधायक प्रमोद विज पानीपत शहर से विधायक रहे अपने पिता स्व. फतेहचंद विज के पदचिन्हों पर चलते हुए निरंतर लोगों की सेवा कर रहे है। विधायक का स्वागत करने वालो में बलराम गौशाला से रविंद्र बडौली प्रधान, संजय शर्मा, मंजीत, नरसी व गगन और फ्लाइंग क्लब टीम से नितिन अरोड़ा, धीरज चावला, कुलदीप सिंह, कैलाश खुराना, विकास गुलाटी व तरूण नागपाल आदि मौजूद रहे।

**8 विधायक प्रमोद विज का उनके कार्यालय में बुके देकर और स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया**

## संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला मैनपाल**
पंचकूला श्री सनातन धर्म बैकुंठ धाम सेवा समिति ओर से संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने मुख्य रूप से शिरकत की। कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य परशुराम पांडे जी महाराज ने बताया कि । श्रद्धालुओं ने कथा ध्यानपूर्वक सुना उन सभी श्रद्धालुओं की हर तरह की मनोकामना पूर्ण होगी वैसे तो जिंदगी में हमारे पास बिल्कुल भी वक्त नहीं है कहीं पर बैठकर भजन या संध्या करने की लेकिन जो भी व्यक्ति कथा सुनकर अपने जीवन को मैं अपनाते हैं उनका जीवन हमेशा खुशियों से भर जाता है, जिसमें सभी पुराण, चारों वेद व छह शास्त्रों का संपूर्ण ज्ञान अंकित हैं। भागवत श्रवण मन को पवित्र करने का एक मात्र उपाय है। सद्कर्म के बाद ही व्यक्ति के मन में भागवत कथा सुनने की इच्छा जागृत होती है। जिसे भागवत कथा का अवसर नहीं मिलता, उसका जीवन पशु तुल्य इस मौके पर हरियाणा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता पंचकूला मेयर कुलभूषण गोयल भाजपा जिला अध्यक्ष अजय शर्मा श्री वैकुंठ धाम सेवा समिति के प्रधान प्रदीप गोयल, रेनू गोयल,उपप्रधान विरोध रावल, विजय सेठ, कमल जैन, विजय गोयल,केवल गोयल, कुसुम गुप्ता, और महिला मंडल संकीर्तन मंडली की प्रधान वीणा कक्कड़ और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे ।

## मेयर निखिल मदान ने किया इंडियन कॉलोनी का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शुक्रवार को मेयर निखिल मदान इंडियन कॉलोनी की गली नं 16 में पहुँचे और मौके पर आमजन की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि उनकी गली अभी तक कच्ची पड़ी है जिसके चलते उन्हें प्रतिदिन कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही बरसात के मौसम में हालात बिल्कुल दयनीय हो जाते है और बड़े बुजुर्गों एवं बच्चो का आवागमन बंद हो जाता है । स्थानीय निवासी जोगेन्दर ने बताया कि उनके यहाँ बिजली के पोल लगे हुए हैं लेकिन किसी भी पोल पर स्ट्रीट लाइट कि व्यवस्था नहीं है जिसके चलते दुर्घटना और आपराधिक गतिविधि की आशंका बनी रहती है। साथ ही अभी गली के सिर्फ आधे घरों में ही पेयजल आपूर्ति की जा रही है। कुछ घरों के आगे पानी की पाइपलाइन भी नहीं बिछाई गई है।वहीं सीवरेज व्यवस्था भी पूर्ण रूप से कार्य में नही है।
मेयर निखिल मदान ने कहा कि वो सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर मौजूद सभी लोगों को बताया की इंडियन कॉलोनी की गली नं 16 का क्षेत्र अभी भी अवैध कॉलोनी की श्रेणी में आता है जिसके कारण नगर निगम वहाँ विकास कार्य करवाने में असमर्थ है ,लेकिन नगर निगम द्वारा ऐसी सभी कालोनियों की सूची बना कर स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय पर भेजी गयी है और सरकार से ऐसी सभी कालोनियों को वैध करने की मांग रखी गयी है। इंडियन कालोनी के बचे हुए क्षेत्र का नाम भी इसी सूची में भेजा गया है। जल्द ही ऐसी सभी कालोनियों को वैध घोषित किया जायेगा और उसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर इन सभी गलियों में सीवरेज, पेयजल लाइन डाली जाएगी और कच्ची गलियों को पक्का किया जायेगा। साथ ही सभी बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य भी किया जायेगा।

**8 सभी गलियों में सीवरेज, पेयजल लाइन डाली जाएगी और कच्ची गलियों को पक्का किया जायेगा**

# कर्नाटक चुनाव में कौन किसका खेल बिगाड़ेगा?

अशोक भाटिया

> "हालांकि उसमें सबसे बड़ी बाधा ये आ रही है कि उस विपक्षी एकता की अगुवाई कौन सी पार्टी करेगी। कायदे से पैन इंडिया जनाधार होने की वजह से ये सिर्फ.कांग्रेस ही कर सकती है, लेकिन अभी भी बहुत सारी विपक्षी पार्टियां जैसे ममता बनर्जी की टीएमसी, केसीआर की बीआरएस, नवीन पटनायक की बीजेडी, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और केजरीवाल की आम आदमी पार्टी इस पर राजी नहीं दिख रही है या फिर ये लोग चुनाव पूर्व कांग्रेस को नेतृत्व देने के मुद्दे पर संशय में हैं। अगर कांग्रेस अपने दम पर कर्नाटक का चुनाव जीत जाती है, तो कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी एकता की संभावना को ज्यादा बल मिल सकता है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी के आने से कांग्रेस को उम्मीद है कि एक बार फिर लिंगायत समुदाय के लोगों का थोड़ा ही सही कांग्रेस पर भरोसा बढ़ेगा"

**एक** बात बहुत साफ है कि आप ने बहुत कम समय में बहुत कुछ हासिल कर लिया है। जहां आम आदमी पार्टी दिल्ली में सरकार बनाकर बैठी है तो वहीं पंजाब में भी पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी । आप ने पंजाब में 117 में से 92 सीटों पर जीत दर्ज की थी । अब बात करें गोवा विधानसभा चुनाव की तो यहां भी अरविंद केजरीवाल की पार्टी के नेताओं का दो सीटों पर कब्जा है। वहीं हाल ही में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 5 सीटों पर जीत दर्ज की और करीब 14 फीसदी वोट हासिल किए हैं। गुजरात पीएम मोदी और अमित शाह का गढ़ है। ऐसे में आम आदमी पार्टी ने वहां पांच सीटें जीतकर अपनी मौजूदगी बड़ी मजबूती से दर्ज की है। हालांकि राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी भी पहली बार राज्य की कमोबेश सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इससे पहले 2018 के चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी 28 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। हालांकि वो कुछ खास कर नहीं पाई थी। इस बार भी भले ही वो दावा कर रही है कि बेंगलुरु और उसके आस-पास की 15 सीटों पर वो बड़ा उलटफेर कर सकती है, लेकिन फिलहाल इस तरह की संभावना नहीं दिखती है। बहरहाल 20 अप्रैल को नामांकन की आखिरी तारीख थी। कौन किस सीट से लड़ रहा है, उसका भी खुलासा हर जगह से हो गया है। इसके साथ नेताओं में पाला बदलने का सिलसिला भी अब थम चुका है। कर्नाटक की सभी 224 विधानसभा सीटों पर 10 मई को मतदान होना है। ऐसे में अब सभी पार्टियों ने प्रचार अभियान को और भी तेज कर दिया है। देखा जाय तो कर्नाटक चुनाव में मुख्य तौर से भाजपा , कांग्रेस और जेडीएस के बीच मुकाबला है। जेडीएस को ओवेसी समेत कई और पार्टिया सपोर्ट कर रही है जिनका कर्नाटक में कोई खास वजूद नहीं है । हम सबसे पहले भाजपा की बात करते हैं। कर्नाटक की सत्ता में वापसी भाजपा के लिए दो कारणों से सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। दक्षिण के 5 बड़े राज्यों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में से सिर्फ.कर्नाटक ही ऐसा सूबा है, जहां हम कह सकते हैं कि भाजपा का सही मायने में जनाधार है। बाकी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में भाजपा पिछले 30-35 साल से चाहे कितने भी हाथ-पांव मारते आई हो, राज्य में सरकार बनाने के लिहाज से न तो उसकी



राजनीतिक हैसियत बन पाई है और न ही जनाधार में कोई बड़ा उछाल आया है। अगर इस बार कर्नाटक की सत्ता भाजपा के हाथों से चली जाती है, तो फिर दक्षिण भारत से उसका पूरी तरह से सफाया हो जाएगा और उसके मिशन साउथ को भी गहरा झटका लगेगा। ऐसे तो भाजपा दावा करती है कि वो कार्यकताओं के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन अगर वो कर्नाटक का चुनाव हार जाती है, तो ये सोचिए कि दुनिया की उस बड़ी पार्टी का भारत के दक्षिण के बड़े राज्यों में से किसी में सत्ता ही नहीं रह जाएगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा विपक्ष को मिलेगा इस तरह के परसेप्शन बनाने में कि भाजपा को भी हराया जा सकता है। भाजपा के लिए इस बार कर्नाटक चुनाव इसलिए भी खास है कि क्योंकि अगले साल केंद्र की सत्ता के लिए लोकसभा चुनाव होना है। लोकसभा के हिसाब से कर्नाटक उन राज्यों में शामिल है, जहां 2019 में भाजपा को अपार समर्थन हासिल हुआ था। उस वक्त यहां की 28 लोकसभा सीटों में 25 पर भाजपा की जीत हुई थी। ऐसे तो लोकसभा और विधानसभा चुनावों के समीकरण, मुद्दे और वोटिंग पैटर्न अलग-अलग होते हैं, लेकिन कर्नाटक में जो भी विधानसभा के नतीजे रहेंगे, उससे अगले साल के आम चुनाव के लिए सूबे में माहौल बनाने में बहुत हद तक मदद तो मिलेगी ही। भाजपा के लिए कर्नाटक की चुनावी बिसात में जगह-जगह कई कांटे हैं। उसके दो बड़े नेता जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। इसमें से जगदीश शेट्टार जुलाई 2012 से मई 2013 तक मुख्यमंत्री भी रहे हैं। उनकी गिनती उन नेताओं में होती है, जिन्होंने बीएस येदियुरप्पा के साथ मिलकर दक्षिण भारत के किसी राज्य में पहली बार कमल को खिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हुबली-धारवाड़ सेंट्रल सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज जगदीश शेट्टार 17 अप्रैल को कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें इसी सीट से उम्मीदवार भी बना दिया है। जगदीश शेट्टार का सीधे-सीधे कहना है कि ये सब कुछ भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष के कहने पर हो रहा है। वहीं राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी भी कुछ दिन पहले टिकट नहीं दिए जाने से नाराजगी के बाद भाजपा से पल्ला झाड़ते हुए कांग्रेस का हाथ थाम चुके हैं। सावदी को कांग्रेस ने बेलगावी जिले की अथानी सीट पर पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। मौजूदा एमएलसी लक्ष्मण सावदी अथानी से तीन बार विधायक रह चुके हैं। सावदी, येदियुरप्पा सरकार में 2019 से 2021 तक उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री रह चुके हैं। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी दोनों ही लिंगायत समुदाय से आते हैं। लिंगायत समुदाय को पिछले तीन दशक से भाजपा का परंपरागत वोट बैंक माना जाता है। हालांकि 2021 में बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाकर बसवराज बोम्मई को सीएम बनाने के बाद से ही कहा जा रहा है कि लिंगायत समुदाय के लोग भाजपा से नाराज चल रहे हैं। आरक्षण का भी एक मुद्दा है जिसको लेकर लिंगायत समुदाय के लोग भाजपा से नाराज माने जा रहे हैं। हालांकि चुनाव ऐलान से चंद दिन पहले मुस्लिम कोटे के 4 फीसदी आरक्षण को खत्म कर उसके जरिए वोक्कालिगा और लिंगायतों के समूह में दो-दो फीसदी आरक्षण बढ़ाने का दांव बसवराज बोम्मई सरकार ने चली है, लेकिन ये मुद्दा भी अभी कोर्ट में पहुंच गया है, जिसके बाद से इसके अमल पर रोक लगी हुई है। लिंगायत यहां के काफी प्रभावशाली समुदाय हैं। इनकी आबादी करीब 17 से 18 फीसदी के बीच मानी जाती है और अगर इनकी नाराजगी मतदान में दिख गई तो फिर भाजपा के लिए कर्नाटक की सत्ता में वापसी बेहद कठिन हो जाएगी। अब बात करते हैं कांग्रेस की। कर्नाटक के नतीजे अगर पक्ष में हुए तो कांग्रेस के लिए संजीवनी होगी। पिछले दस साल चुनावी राजनीति के लिहाज से कांग्रेस के लिए बहुत ही बुरा रहा है। इक्के-दुक्के राज्यों को छोड़ दें तो दो लोकसभा चुनाव के साथ ही कई राज्यों में कांग्रेस को बहुत ही बुरी हार का सामना करना पड़ा है। एक तरह से अस्तित्व के संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए कर्नाटक उम्मीद की किरण बन सकती है। ऐसे भी अभी जहां कुल 200 से ज्यादा विधानसभा सीटें हो, उन राज्यों में कहीं भी कांग्रेस की सरकार अपने दम पर नहीं है। कर्नाटक में जीत हासल करने पर कम से कम एक ऐसा राज्य कांग्रेस के पास हो जाएगा। दूसरा फायदा कांग्रेस को 2024 के आम चुनाव के लिए रणनीति बनाने के लिहाज से भी होगा। ये हम सब जानते हैं कि केंद्रीय राजनीति के हिसाब से भाजपा अभी जितनी मजबूत है, बिखरा विपक्ष 2024 में उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती। भाजपा के खिलाफ 'एक के मुकाबले एक' फामूर्ले की रणनीति को लेकर विपक्षी एकता बनाने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि उसमें सबसे बड़ी बाधा ये आ रही है कि उस विपक्षी एकता की अगुवाई कौन सी पार्टी करेगी। कायदे से पैन इंडिया जनाधार होने की वजह से ये सिर्फ.कांग्रेस ही कर सकती है, लेकिन अभी भी बहुत सारी विपक्षी पार्टियां जैसे ममता बनर्जी की टीएमसी, केसीआर की बीआरएस, नवीन पटनायक की बीजेडी, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और केजरीवाल की आम आदमी पार्टी इस पर राजी नहीं दिख रही है या फिर ये लोग चुनाव पूर्व कांग्रेस को नेतृत्व देने के मुद्दे पर संशय में हैं। अगर कांग्रेस अपने दम पर कर्नाटक का चुनाव जीत जाती है, तो कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी एकता की संभावना को ज्यादा बल मिल सकता है।

## संपादकीय

# धरती की रक्षा वैश्विक दायित्व है

**आज** पर्यावरण का क्षरण और प्रदूषण तेजी से विकराल हो रहा है और विश्व के सभी देश विकट चुनौती से जूझ रहे हैं। भारत ने पर्यावरण और पर्यावरण की नैतिकता, प्रकृति के स्वरूप और महत्व को गहराई से अंगीकार किया था। यहां समस्त जगत में ईश्वर की उपस्थिति की अनुभूति की जाती रही है : ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत। फलतः प्रत्येक वस्तु पवित्र और धरती को माता कहा गया। प्रातःकाल उठ कर बिस्तर से उतार कर धरती पर पैर रखने के पहले पृथ्वी को प्रणाम करने और पैर रखने की विवशता के लिए क्षमा मांगते हुए यह कहने का विधान है ;

**समुद्र वसने देवि पर्वतस्तनमंडिते ।**
**विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ।।**

**अर्था**त समुदरूपी वस्त्रोंको धारण करनेवाली, पर्वतरूपस्तनों से मंडित भगवान विष्णुकी पत्नी पृथ्वी देवि! आप मेरे पाद-स्पर्श को क्षमा करें। उपर्युक्त भावना हिन्दू , बौद्ध और जैन सभी भारतीय धर्मों में मिलती है। पर्यावरण का महत्व और पारस्थितिक संतुलन और समन्वय के विचार वैदिक काल से ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध बेहद महत्वपूर्ण हैं। अथर्ववेद भूमि को माता कहा गया : माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या :। नदियों, वृक्षों, पर्वतों, पशु-पक्षियों, वनों, लताओं सब की रक्षा को महत्व दिया गया। मनुष्य प्रकृति के बीच वैज्ञानिक और आध्यात्मिक आधार को समझते हुए जीवन-चर्या का विधान किया गया। पश्चिम में प्रकृति जड़ है उसमें देवत्व नहीं है पर भारत में अरण्य में ज्ञान की साधना होती थी इसलिए प्रकृति की रक्षा और उसके साथ लय में रहना श्रेयस्कर माना गया। यहां के चिंतन में प्रकृति में आध्यात्मिकता का विस्तार होता है। भारत एक समृद्ध जैव विविधता वाला देश है। पीपल, कदम्ब, वट, आमला, अर्जुन, बेल, नीम सबके साथ देवताओं को जोड़ कर उनको वन्दनीय बना दिया गया। विल्व पत्र, दूर्वादल और तुलसी दल धार्मिक कृत्यों में प्रयुक्त होते हैं। आयुर्वेद में अनेक वृक्ष हैं जिनके फूल, फल, पत्तियां, छाल, जड़ें सभी औषधि गुण से युक्त हैं । वन और वृक्ष जीवन के साथ घुले मिले रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक स्मृति में और लोक जीवन में वृक्षों की अभी भी एक खास जगह बनी हुई है। बेल, सप्तपर्णी, पलाश, कचनार, सहजन, हरड़, बहेड़ा, आंवला और नीम जैसे पेड़ अपने औषधीय गुणों के कारण बड़े लोकप्रिय रहे हैं और लोग घर के पास या बाग बगीचे में इन्हें लगाते थे और जिसे जरूरत पड़ती थी वह इनका लाभ उठाता था। इसी तरह तुलसी , गिलोय, अपराजिता, विधारा, सतावर, पुनर्नवा, ब्राह्मी इत्यादि पौधों को भी घरों के आसपास लोग अपने संगी साथी के रूप में रखते थे। वृक्षायुर्वेद एक शास्त्र है. जीवन की रक्षा की दृष्टि से वन और वृक्ष की पारिस्थतिकी के संतुलन में विशेष भूमिका को अच्छी तरह समझा गया। वृक्ष की पूजा का विधान सब के लिए था। वट या न्यग्रोध वृक्ष को कल्पवृक्ष, पीपल पीपल अश्वत्थ कहा गया। काल क्रम में आधुनिकता, औद्योगिकीकरण, नगरीकरण के साथ दृष्टिकोण बदलने लगा। विज्ञान की छाया में देवत्व से मुक्त हो कर प्रकृति मनुष्य के लिए विजय के लिए लक्ष्य हो गई। पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा को भूल कर प्रकृति और उसके संसाधनों का घोर रूप से दोहन और भीषण दुरुपयोग होने लगा।

## कविता

आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना
तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुम'

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव ठाकुर

# इंसान मेरी पीड़ा कब समझेगा ?

**डा मनमोहन प्रकाश**

**मैं** पृथ्वी एकमात्र ऐसा ग्रह हूँ जहाँ न सिर्फ जीवन विद्यमान है अपितु वह फल- फूल भी रहा है। मेरा महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि मानव अपने अथक प्रयासों तथा बेतहाशा धन खर्च करने के बावजूद भी अन्य ग्रहों में आज तक जीवन की खोज करने और वहाँ मानव बस्ती बसाने जैसे सपनों को साकार करने में असफल रहा है। मैंने अपनी प्रकृति को मानव की खुशहाली के लिए विभिन्न जड़ एवं चेतन घटकों से सजाया है, उसे आकर्षक सुंदरता देने के लिए मैंने जन्म दिया है विभिन्न प्रकार के पेड़- पौधे एवं जीव जंतुओं को, पहाड़- घाटी तथा मैदानों को, समुद्र- नदी- झील- तालाब-झरने जैसे जल स्त्रोतों , मन को आनंद देने वाले खूबसूरत रंग बिखेरते वन- उद्यान- खेत खलियान आदि को। मैं सुखी थी जब मेरी संतान (मानव) प्रकृति प्रेमी थी, प्रकृति को समृद्ध करने वाले यज्ञ हवन जैसे कर्म किया करती थी, विश्व बंधुत्व और प्रकृति सह अस्तित्व जीवन के विचार से समृद्ध थी। किंतु आज हर तरफ(देश-विदेश में) छोटी छोटी बातों के लिए, मानव में बढ़ती हताशा- निराशा, वैमनस्य, लड़ाई-झगड़े, मार-पीट आदि को देख रही हूँ।

सही में मेरा मन बहुत दुखी है। यह बात भी सत्य है कि मनुष्य ने कभी मुझे जानकर कष्ट में डाला है, तो कभी अनजाने में। मैंने उसकी अनगिनत गलतियों को माफ किया है, यह सोचकर कि वह गलतियों से सीख लेते हुए सुधर जायेगा। वर्षों से पीड़ा अपमान सहते हुए भी मैंने मानव अस्तित्व को जैसे- तैसे संभाल के रखा है,बचा कर रखा है। उसकी समस्त आवश्यकता की पूर्ति की है। किंतु अब मैं आने वाले वर्षों में उसे संभाल के रख सकूँगी, उसकी मुझे स्वयं आशंका होने लगी है? आज मेरी सर्वश्रेष्ठ कृति मानव का आचार-व्यवहार बदल गया है, उसका जीवन प्रकृति सम्मत नहीं रहा है। वह स्वार्थी,घमंडी, अभिमानी और लालची हो गया है। वह अपनी विवेक बुद्धि का उपयोग करना भूलता जा रहा है। उसे अपनी वैज्ञानिक शक्ति पर इतना गुमान होता जा रहा है कि वह ना तो पूर्व में घटी घटनाओं से कुछ सीखना चाहता है ना ही भविष्य के लिए चिंता करना चाहता है। उसे अब तो आने वाली स्वयं की पीढ़ी की चिंता भी नहीं सताती। वह तो केवल वर्तमान में ऐश और आराम से जीने को ही अपना लक्ष्य समझता है। अप्राकृतिक जीवन शैली, अनैतिक, अविवेकपूर्ण व्यवहार तथा संसाधनों का बिना सोचे समझे दोहन एवं उपयोग को ही विकास समझता है। विज्ञान सम्मत वैदिक सनातन संस्कृति को भी भूलता जा रहा है। प्रकृति का विकास और विश्व शांति के प्रयास आज उसके शब्दकोश में नहीं रहे।शायद इसी सोच का परिणाम है कि विश्व के शक्तिशाली देशों में आपसी टकराव बढ़ता जा रहा है। छोटे, कम शक्तिशाली देशों का अस्तित्व खतरे में है।

## विचार

# चिरंजीवी परशुराम-भगवान विष्णु के छठे अवतार!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

**भगवान** परशुराम को विष्णु का छठा ' अवतार' माना जाता है जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है।

साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है।भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे श्रीराम के समय भी और श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे,वही आज भी उन्हें जीवित ही माना जाता है। परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले नाराज हुए और फिर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया और भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी। एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है।

कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं। एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया । वही शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है।समय के साथ भगवान परशुराम के अनेक मंदिर बन चुके है और उनके विषयक अनेक पुस्तकें भी प्रकाशित हुई है।यूँ तो भगवान परशुराम सर्व समाज के लिए पूजनीय है लेकिन विशेष रूप में ब्राह्मण समाज उनपर गौरव करता है।उनकी विद्वता, पराक्रम व शिव भक्ति हमेशा से प्रेरक रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इस ग्रह की देखभाल करें और आध्यात्मिक रूप से विकसित हों

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**पृथ्वी** दिवस हम सबके लिए पृथ्वी के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है क्योंकि यह हमें जीवन जीने के लिए कई प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों को उपलब्ध करती है। यह सभी संसाधन न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मूल्यवान है, इसलिए हम सभी को चाहिए कि इन सभी संसाधनों का प्रयोग हम बहुत ही सावधानी से करें। इन संसाधनों का सदुपयोग करने और पृथ्वी का सम्मान करने के लिए हमें अहिंसा का रास्ता अपनाना होगा, जिसमें कि हम इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीवों और प्राकृतिक संसाधनों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हैं। इसमें इंसानों से लेकर जानवरों और पौधों तक सभी शामिल हैं। सिर्फ यह सोचकर ही हमें खुषी मिलती है कि इस विषाल अंतरीक्ष में यह ग्रह पिता-परमेष्वर का बनाया एक खूबसूरत रत्न है, जिसमें हम सब इस परिवार के एक सदस्य हैं। इसलिए हमें ऐसे कार्य करने चाहियें जिसमें कि हम एक-दूसरे की मदद करते हुए प्रेम और शांतिपूर्वक जी सकें।

इस ग्रह पर रहते हुए हम स्वस्थ तरीके से अपना जीवन यापन करें, ताकि हमारे परिवार और पूरे विष्व के लिए वर्तमान में और आने वाले समय में भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।

इसके लिए हमें चाहिये कि हम इस ग्रह की देखभाल करते हुए शारीरिक, मानसिक और आत्मिक तौर पर विकसित हों। जिसके लिए हमें एक शाकाहारी जीवन शैली को अपनाना होगा और साथ ही साथ अपनी आत्मिक तरक्की के लिए अपने जीवन में हमें सद्गुणों को भी धारण करना होगा। जिसमें कि हम दूसरों की सेवा करते हुए ध्यान-अभ्यास के जरिये अपने अंतर में प्रभु-सत्ता से जुड़कर आध्यात्मिक रूप से विकसित हो सकते हैं।

दूसरों की सेवा करना और मिल-जुलकर रहना आध्यात्मिकता का ही एक हिस्सा है। दूसरों के साथ मिलकर रहना और इस पृथ्वी की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है क्योंकि इस सृष्टि के कण-कण में परमात्मा विद्यमान हैं।

आईये, आध्यात्मिक रूप से बढ़ते हुए हम इस ग्रह, पेड़-पौधों, जानवरों और इंसानों की देखभाल करते हुए हम पृथ्वी दिवस मनायें और पृथ्वी द्वारा दिये गए बहुमूल्य उपहारों का सर्वोत्तम उपयोग करें।

# झारखण्ड के टांगीनाथ धाम में है परशुराम का फरसा

**अशोक प्रवृद्ध**

**अष्टचिरंजीवियों** में शामिल भगवान विष्णु के आवेशावतार परशुराम कृतयुग अर्थात सतयुग, त्रेतायुग और फिर द्वापर में भी जीवित थे, अर्थात उपस्थित थे।और ऐसी मान्यता है कि इस कलयुग में भी परशुराम जीवित हैं।परशुराम अमर हैं,और वर्तमान समय में भी कहीं तपस्या में लीन हैं।रामायण, महाभारत और पौराणिक ग्रन्थों के अध्ययन से ऐसा आभाष होता है कि परशुराम कई युगों तक विभिन्न युग परिवर्तनकारी घटनाओं के साक्षी व स्वयं कारण अथवा कारक बने।परशुराम का नाम दो शब्दों के योग से बना है- परशु और राम। परशु का अर्थ है झकुल्हाड़ी। इस प्रकार उनके नाम का अर्थ है- कुल्हाड़ी के साथ राम।ऋषिपुत्र होने के साथ वे एक कुशल योद्धा थे।उनका प्रमुख शस्त्र कुल्हाड़ी था, जिसे फरसाया परशुभी कहा जाता है। भगवान शिव से उन्हें देवताओं के सभी शत्रुओं, दैत्यों, राक्षसों और दानवों के संहार करने में सक्षमता का वरदान प्राप्त हुआ था।विष्णु के दशावतारों में षष्ठम अवतार भगवान परशुराम का फरसा आकार-प्रकार और देखने में अतिभयानक था। ऐसा कि देखने वाले की आत्मा तक थर्रा उठे, अर्थात रूह तक कांप जाये।

आज भी भगवान परशुराम का वह फरसा पृथ्वी लोक में मौजूद है। कहा जाता है कि उनका फरसा झारखण्ड प्रान्त के गुमला जिले के टांगीनाथ धाममें गड़ा हुआ है।कथा के अनुसार त्रेतायुग में रामावतार के समयपरशुराम नेभगवान श्रीराम के द्वारा जनकपुर में आयोजित सीता माता के स्वयंवर में शिव के पिनाक धनुष के भंग होने पर आकाशमार्ग द्वारा मिथिलापुरी पहुँच कर प्रथम तो स्वयं को विश्व-विदित क्षत्रिय कुल द्रोही बताते हुए बहुत भाँति आँख दिखाये और क्रोधित हो कहा- सुनो राम ! जिसने शिव धनुष को तोड़ा, वह सहसबाहु के समान मेरा शत्रु है।अत्यंत क्रोधित परशुराम की लक्ष्मण से लंबी बहस हुई।बहस के बीच में ही जब परशुराम को पता चला कि भगवान श्रीराम स्वयं नारायण ही हैं, तो उन्हें बड़ी आत्मग्लानि हुई। अपनी शक्ति का संशय मिटते ही उन्होंने वैष्णव धनुष श्रीराम को सौंप दिया और क्षमा याचना करते हुए अज्ञानता में बहुत अनुचित बात कहने के लिए दोनों भाइयों से क्षमा मांगकर पश्चाताप करने के लिए तपस्या करने की इच्छा व्यक्त करने लगे।

# विधायक ने उ. रेलवे के जीएम को सौंपा मांग पत्र

## नई दिल्ली स्थित बड़ौदा हाउस में विधायक सुरेंद्र पवार ने उत्तर रेलवे के जीएम से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने नई दिल्ली स्थित बड़ौदा हाउस में उत्तर रेलवे के जीएम शोभन चौधुरी से मुलाकात कर सोनीपत के हजारों दैनिक रेल यात्रियों की मांगे प्रमुखता के साथ रखी। उन्होंने सोनीपत रेलवे जंक्शन से पुनः महिला स्पेशल ट्रेन, हिमालय क्वीन एक्सप्रेस ट्रेन, एस.डी.एस ट्रेन, सवारी गाड़ी के किराए को कम करना सहित दैनिक रेल यात्रियों की अन्य मांगे भी मांग पत्र के माध्यम से रेलवे जीएम को सौंप कर जल्द से जल्द पूरी करने की मांग की। रेलवे जीएम ने आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने रेलवे जीएम को सौंपे मांग पत्र में बताया कि सोनीपत में हजारों दैनिक रेल यात्री है, जो प्रतिदिन ट्रेन में सफर करते हैं। हजारों दैनिक रेल यात्रियो की समस्याएं बताते हुए कहा कि सोनीपत रेलवे स्टेशन से एक लेडीज स्पेशल ट्रेन बनकर चलती थी, लेकिन दिसम्बर माह से ट्रेन को बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से सोनीपत से प्रतिदिन हजारों की तादाद में जाने वाली महिला यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके साथ ही सोनीपत से बनकर चलने वाली एस.डी.एस ट्रेन को भी बंद कर दिया है। इसकी वजह से यात्रियों को अन्य ट्रेनों का काफी इंतजार करना पड़ता है। जब ट्रेन आ जाती है तो उसमें यात्रियों के बैठने की बात दूर रही, खड़े होना भी मुमकिन नहीं है। महिला यात्री मजबूरीवश अपने गंतव्य तक जाती है। महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा व उनकी परेशानी को देखत हुए उन्हें सुविधा मुहैया करवाने के लिए लेडिज स्पेशल ट्रेन शुरू की जाए। इसके साथ ही एस.डी.एस ट्रेन का परिचालन भी पुनः शुरू किया जाए। सवारी गाड़ी के किराये को 10 रुपये के स्थान पर अभी तक 30 रुपये लिया जा रहा है। इसे भी कम किया जाए। हरसाना रेलवे स्टेशन पर टिकट देने के लिए कर्मचारी नही है, जिसकी वजह से रेलयात्रियों को ट्रेन की टिकट नहीं मिल रही। सोनीपत स्टेशन से गुरजने वाली सचखंड एक्सप्रेस, होशियापुर एक्सप्रैस, पठानकोट सुपरफास्ट ट्रेनों का सोनीपत स्टेशन पर ठहराव नहीं हो रहा।

# पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पंचकूला के सेक्टर 6 में बनाया जा रहे हैं मदर चाइल्ड हॉस्पिटल



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला** जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी ने बताया कि 113 करोड की लागत से बनने वाले मदर चाइल्ड हॉस्पिटल कुछ ही दिनों में बनकर तैयार हो जाएगा उन्होंने बताया कि बंसल ब्रदर ने यह बिल्डिंग बहुत ही जल्द तैयार कर दी है ।इसको बनाने के लिए सरकार द्वारा 2 साल का समय रखा गया था। लेकिन बंसल ब्रदर ने यह बिल्डिंग बहुत ही जल्द बनाकर तैयार कर दी है, उन्होंने कहा कि यह जच्चा-बच्चा केंद्र सरकार द्वारा 113 करोड की लागत से बनाया जा रहा है इसमें सभी तरह के जांच केंद्र बनाए जाएंगे। यह केंद्र 11 बहुमंजिला बनाया जा रहा है और यह बिल्डिंग पूरी तरह से ऐसी प्रूफ होगी स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार ने बहुत ही नेक कार्य क्या है। इस अस्पताल में जच्चा बच्चा केंद्र की पूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी हर तरह का टेस्ट किया जाएगा और किसी भी तरह की कोई भी बीमारी से निपटने के लिए हर वक्त डॉक्टर मौजूद रहेंगे। स्थानीय लोगों ने कहा कि हरियाणा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने यह बिल्डिंग बनवा कर सभी समाज के लोगों के लिए बहुत ही नेक कार्य किया है। हम सभी हरियाणा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता का हार्दिक धन्यवाद करते जिन्होंने यह जच्चा-बच्चा केंद्र बनवाने का कार्य किया है। जब इस बारे में कांट्रेक्टर संजय बंसल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दिया गया यह कॉन्ट्रैक्ट बहुत ही सराहनीय रहा जो कार्य हमें दिया गया था ।वह हमने बड़ा तसल्ली बक्श किया है। किसी भी कार्य में कोई कमी नहीं है। बिल्डिंग की 2 साइट पर पेंटिंग का काम भी बड़ी तेजी से चल रहा है।

# तुलसी प्रांगण में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया




**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** तुलसी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में सभी कक्षाओं में पृथ्वी दिवस से संबंधित कई एक्टिविटिज करवाई जा रही थी। आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर पांचवी कक्षा के बच्चों ने 'मदर अर्थ' नृत्य नाटिका द्वारा बताया कि पृथ्वी के मानव जीवन पर कितने उपकार हैं । बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति 'वृक्ष बचाओ' द्वारा वृक्ष ना काटने व ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का संदेश दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी कविताओं द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया । पृथ्वी दिवस पर चैयरमैन सर एच. बी. मुंजाल ने बच्चों को पृथ्वी से संबंधित कई जानकारी उपलब्ध कराई व बताया कि किस प्रकार हमारे छोटे - छोटे प्रयासों द्वारा हम पृथ्वी को स्वच्छ व सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर रीटा मुंजाल व प्रधानाचार्या अनुराधा जिंदल उपस्थित रहे।

# 30 अप्रैल को करनाल में राज्य स्तरीय क्रमिक अनशन की तैयारी हेतु बुलाई बैठक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**आज ताज पार्क कुरुक्षेत्र में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की मीटिंग बुलाई गई जिसमें पांचों खंड प्रधानों एवं महासचिव ने भाग लिया तथा जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया जिसमें 30 अप्रैल को करनाल में राज्यस्तरीय क्रमिक अनशन शुरू करने के लिए कमर कसी गई जिसमें सभी खंड कार्यकारिणी को निर्देशित किया गया और जिला कार्यकारिणी की मीटिंग की गई। ज़िला कुरुक्षेत्र से 500 शिक्षक भाग लेंगे। आज की बैठक में जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, महासचिव संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, पेहवा खंड प्रधान राजेंद्र जांगड़ा, खंड शाहबाद प्रधान सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार खंड बाबैन, महासचिव अशोक कुमार,खंड लाडवा महासचिव अमन पाल,खंड थानेसर प्रधान नरेश फूले, महासचिव अशोक कुमार, रामकुमार व राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूबे सिंह सुजान ने भाग लिया।

# जल, जंगल, जमीन के मित्र बनकर पर्यावरण बचाने का सभी ले संकल्पः सतपाल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सारथी** जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि, सोनीपत द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक शुक्रवार, 21 अप्रैल 2023 को हिन्दू कॉलेज ऑफ एजुकेशन सोनीपत के ऑडिटोरियम में पृथ्वी दिवस के थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लेनेट विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पर्यावरणविद श्रीमती अर्चना झा,पटना व मुख्यवक्ता के रूप में जिला वन अधिकारी राजेश वत्स, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुमन मंजरी पुलिस महानिरीक्षक हरियाणा सेवानिवृत्त, ब्रह्माकुमारी प्रमोद बहन व सुभाष वशिष्ठ पूर्व रेडक्रॉस सचिव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल राजबाला जाखड़ की। इस अवसर पर सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने बताया पृथ्वी के महत्व को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए हर साल 22 अप्रैल को ह्यविश्व पृथ्वी दिवसह्ल मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे उद्देश्य ही यही होता है कि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाए और साथ ही उन्हें इसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित भी किया जाए। अहलावत ने पृथ्वी दिवस पर आहवान किया कि जल, जंगल, जमीन के मित्र बनकर पृथ्वी पर पर्यावरण संरक्षण की सभी ले शपथ। धरती मां को हरा-भरा बनाकर जीवन को स्वच्छ बनाएं। पृथ्वी जीवन का है सार, जिसमें निवास करता है सारा संसार।पृथ्वी का पर्यावरण स्वच्छ नहीं होगा तो हमारा जीवन खतरे में है पृथ्वी पर पेड़-पौधें, जीव-जंतु तथा मानव सभी लोग निवास करते है पृथ्वी के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। हमारा सारा जीवन पृथ्वी से जुड़ा हुआ है पृथ्वी का स्वच्छ रहना हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्यअतिथि पर्यावरणविध अर्चना झा ने कहा सघन रासायनिक कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने से मिट्टी का विषैलापन और बढ़ जाएगा। साथ ही खाद्य-श्रृंखला अधिक दूषित हो जाएगी वहीं भू-जल के अत्यधिक दोहन से भू-जलस्त्रोत सूख जाएंगे। हमें ज्यादा से ज्यादा जैविक खेती करके हानिकारक रासायनिक पद्धार्थों से पृथ्वी को बचाना है। जिला वन अधिकारी राजेश वत्स ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना हम पृथ्वी की कल्पना भी नहीं कर सकते। हम सभी को जन्मदिन, शादी और शुभ अवसरों पर पेड़ पौधे लगाने चाहिए तभी पृथ्वी दिवस सार्थक रूप से मनाया जा सकेगा। वत्स ने उपस्थितजनों को अधिकाधिक पौधारोपण कर पृथ्वी का संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व पृथ्वी पर्यावरण संरक्षण पर कविता गीत के माध्यम से भी जागरूक किया। इस अवसर पर सरिता रानी, डॉ दीप्ति, ऋतु शर्मा, कोनिका, साक्षी, गरिमा, वसुंधरा, प्रिया, अमित, नेहा सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ कॉलेज के प्राध्यापक मौजूद रहे।

# नाबालिग को वाहन देना मतलब सड़क दुर्घटनाओं को न्योता देना: एस एस भोरिया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नाबालिग को वाहन देकर सडको पर भेजना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि नाबालिग को अच्छे और बुरे की समझ नहीं होती और ना ही उनकों सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी होती है। आजकल युवाओं के बीच बाइक क्रेज बढ़ रहा है नाबालिग दुसरो की देखा-देखी और जोश में स्पीड में वाहन को चलाते हैं जिस कारण सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसलिए आमजन से अनुरोध है कि नाबालिग को कोई भी वाहन ना दें। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात हरियाणा करनाल के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनायों को रोकने के लिए स्पेशल अभियान चलाकर नियमो को तोड़ने वाले वाहन चालको के चालान किये जा रहें हैं।

# लिटल एंजल्स स्कूल में लॉन टेनिस चैंपि.का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** 21 अप्रैल 2023 से 23 अप्रैल 2023 तक लिटल एंजल्स स्कूल के स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में तीन दिवसीय हरियाणा स्टेट लॉन टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। इस चैंपियनशिप के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में माननीय नवीन गुलिया (जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत) उपस्थित थे। इनके साथ गणमान्य अतिथियों में शमीर्ला राठी (जिला खेल अधिकारी, सोनीपत), रामबीर सरोहा (ए.इ.ओ स्पोर्ट्स), हॉकी के द्रोणाचार्य एवार्ड सम्मानित प्रीतम सिवाच (भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान), विनोद शर्मा (चीफ कोच राई, स्पोर्ट्स स्कूल, सोनीपत), संजय कुमार (डायरेक्टर अंबाला टेनिस एकेडमी), निखिल हुड्डा (सीनियर कोच लॉन टेनिस हरियाणा स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट), विनोद सहरावत (डायरेक्टर प्रधान टेनिस एकेडमी, गुरुग्राम), लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस चैंपियनशिप के दौरान लगभग 13 जिलों की टीमों के लगभग 300 बच्चे भाग लेंगे। अंडर- 12, 14, 16, 18 के टीम व एकल इवेंट होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता रही महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। लॉन टेनिस की खिलाड़ी तमन्ना टकोरिया व अंजली राठी को भी मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ। लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के खिलाड़ियों ने देश-विदेश में अपने शानदार खेल प्रदर्शन से धूम मचाई हुई है। खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय प्रशासन को दिया और कहा कि विद्यालय के निरंतर सहयोग के कारण ही वे इस सफलता को प्राप्त करने में सक्षम हुए हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी खेल-प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

# दयानंद स्कूल किंडरगार्टन में मनाया गया पृथ्वी दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** स्थानीय शमा रानी दयानन्द स्कूल (किंडरगार्टन) के प्रांगण में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यू॰ के॰ जी॰ कक्षा के छात्र, छात्राओं ने अर्थ विषयों पर लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसका मुख्य उदेश्य पृथ्वी को सरक्षंण प्रदान करना है। प्रिंसीपल दीपा शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारियॉ दी और बताया कि हमें सभी को पृथ्वी की रक्षा करनी चाहिए ताकि भविष्य की सारी पीढियॉ सुरक्षित वातावरण मे रह सकें उन्होने पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिग को नियंत्रित करने के प्रयासों से अवगत कराया। बच्चों ने इस अवसर पर भिन्न - भिन्न कविताएं प्रस्तुत की।

# खराब व्यवस्था के चलते ठीक नही होते बिजली फॉल्टः प्रदीप चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/पिंजौर** कालका विधायक प्रदीप चौधरी ने बिजली व्यवस्था के बुरे हाल को लेकर बिजली डिपार्टमेंट और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की।विधायक ने कहा कि जिस प्रकार से रायतन क्षेत्र और विधानसभा के अन्य स्थानों पर बिजली की समस्या आ रही है। उससे जहां पीने के पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। वहीं पशुओं के चारे काटने से लेकर पानी तक की व्यवस्था करना ग्रामीणों के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। लेकिन हैरानी की बात है कि सरकार बिजली डिपार्टमेंट में एक तरफ तो कर्मचारियों की कमी को पूरा नहीं कर पा रही। दूसरी तरफ बिजली के फाल्ट ठीक करने के लिए इंतजामों की भारी कमी के चलते बिजली फाल्ट ठीक करने में बहुत लंबा वक्त लग रहा है। ऐसे में लोग बिजली की भारी कटौती झेलने को मजबूर हो चुके हैं। म्हारा गांव जगमग योजना के तहत 24 घंटे बिजली देने के सरकार दावे करती है लेकिन सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह लोगों को पूरी बिजली देने के अलावा बिजली के फाल्ट को जल्दी से जल्दी ठीक करने की व्यवस्था को मजबूत बनाएं। क्योंकि लोग हमारे क्षेत्र से लगातार बिजली के बिलों का भुगतान करने के बाद भी बिजली के लिए तरस रहे हैं।

# एनसीसी बटालियन ने शहर में चलाया सफाई अभियान

## लगभग 30 एनसीसी कैडेट्स ने सरोवर के आस पास और किनारों पर पड़े कूड़े कचरे को उठाया



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी, अंबाला शहर के एनसीसी कैडेट्स द्वारा 1 हरियाणा महिला एनसीसी बटालियन द्वारा चलाए जा रहे पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत अंबाला शहर के राम बाग में स्थित सरोवर व उसके आस-पास सफाई अभियान चलाया गया। महिला बहुतकनीकी की एएनओ लॉरेल के नेतृत्व में लगभग 30 एनसीसी कैडेट्स ने सरोवर के आस पास और किनारों पर पड़े कूड़े कचरे को उठाया जिसमें मुख्य रूप से पॉलीथीन बैग थे जो वातावरण में जल प्रदूषण का एक बहुत बड़ा कारक है। उन्होंने लोगों को यह भी अवगत कराया कि जल प्रदूषण से स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है/ अभियान के अंत में कचरे को नगर निगम की ट्रॉली में डलवाकर एनसीसी कैडेट्स ने लोगों से आवाहन किया व प्रण लिया कि वे कूड़े कचरे को जल में या इधर उधर ना फेंक कर हमेशा सही तरीके से कचरे का निपटान करेंगे। आसपास के लोगों ने एएमओ सुश्री लॉरेल व सभी एनसीसी कैडेट्स का धन्यवाद किया और वादा किया की यहां साफ-सफाई का ख्याल रखेंगे।

# कैंसर जागरूकता सेमिनार का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** सनातन धर्म कॉलेज अंबाला छावनी में वूमेन सेल द्वारा कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य के साथ सेमिनार का आयोजन किया गया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश बंसल व अल्केमीस्ट भुपिंदर कार्यक्रम में बतौर वक्ता रहे। कॉलेज जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवीन गुलाटी और वूमेन सेल की संयोजिका प्रो. हीना ने अतिथियों का प्लांटर भेंट कर स्वागत किया। कैंसर के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए डॉ. मुकेश बंसल ने कहा कि जब शरीर में कोशिकाएं बेकाबू होकर बंटने लगती हैं तो शरीर में गांठ बन जाती है और मेलिग्नेट गांठ कैंसर में बदल जाती है। कैंसर के प्रकार व कारणों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. मुकेश बंसल कहते हैं कि कैंसर कई प्रकार के होते हैं जैसे कि ब्लड कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, बॉन कैंसर, सर्वाईकल कैंसर आदि व तंबाकू और शराब का सेवन, धूम्रपान, प्रदूषण, पीरियड्स में परिवर्तन, आवाज में परिवर्तन, मोटापा, हैपेटाइटिस बी और एचपीवी इन्फेक्शन आदि कैंसर का कारण हो सकते हैं। कैंसर के लक्षणों से अवगत करवाते हुए वक्ता ने कहा कि अत्यधिक वजन घटना, अत्यधिक थकान होना, त्वचा में गांठ बनना, पाचन संबंधी समस्या, इत्यादि अलग-अलग प्रकार के कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। डॉ. मुकेश बंसल ने विद्यार्थियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन और बेहतर परिणाम के लिए 9-15 की आयु में ही वैक्सीन लेने व अन्य प्रकार की कैंसर की वैक्सीन और ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों की जांच के लिए सेल्फ एग्जामिनेशन के बारे में भी जानकारी दी। अल्केमीस्ट भुपिंदर ने कहा कि लक्षण दिखने के बाद भी हो सकता है कि कैंसर न हो लेकिन अगर होगा तो शुरूआती स्टेज में ही डॉक्टर से संपर्क करने से बेहतर इलाज संभव है और शराब का सेवन न करने, धुम्रपान से बचने, नियमित रूप से वैक्सीन लेने व व्यायाम करने की सलाह दी।

# भारत विकास परिषद् ने किया दायित्व ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** भारत विकास परिषद महर्षि दयानन्द शाखा अम्बाला शहर द्वारा अम्बाला शहर के सैक्टर 9 स्थित अग्रवाल भवन में भव्य दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती हरियाणा के अध्यक्ष शुभ आदेश मित्तल, विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा रजि माडल टाऊन के अध्यक्ष रमेश सिंगला, कार्यक्रम अध्यक्ष भारत विकास परिषद हरियाणा के अध्यक्ष धीरज भाटिया रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन और महिला मंडल द्वारा वन्दे मातरम के गान से करते हुए बेटी रिया रावल ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।

इसके उपरांत 2079 के सचिव अंकुर गोयल ने गत दो वर्षों के कार्यकाल का संक्षिप्त विवरण पढ़ कर सुनाया गया तथा उपस्थित सदस्यों को इनके बारे में लिखित प्रतिवेदन भी वितरित किए । इसके उपरांत दायित्व प्रदाता के रूप में पहुंचे प्रांत के सचिव कपिल गुप्ता ने विक्रमी संवत 2080 के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार मक्कड़, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, बाल एवं महिला संयोजिका रचना गुप्ता के साथ उपाध्यक्ष, सहसचिव व कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को शपथ दिलाते हुए दायित्व सौंप दिया व मंच पर वर्तमान टीम ने अपना स्थान ग्रहण किया व बेटी आराध्या गर्ग ने देशभक्ति गीत पर सुंदर? नृत्य प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि रमेश सिंगला ने अपने उद्बोधन में शाखा द्वारा किए जा रहे प्रकल्पों की सराहना करते हुए न?ई टीम को शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष शुभ आदेश मित्तल ने निवर्तमान टीम को सफल कार्यकाल के लिए बधाई प्रेषित करते हुए न?ई टीम को दायित्व ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।? उन्होंने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए सभी से भारतवर्ष को पुनः विश्वगुरु बनाने और सोने की चिड़िया के रूप में स्थापित करने का आह्वान किया । उन्होंने विदेशों की ओर पलायन कर रहे युवाओं को देश में रोजगार सृजन व उद्यमी बनने का संदेश दिया व कहा कि सिर्फ अत्यधिक पैसा कमाने की होड़ में वृद्धावस्था में अपने माता पिता की सेवा करें । उन्हें वृद्धाश्रम के सहारे न छोड़ें।

कार्यक्रम अध्यक्ष धीरज भाटिया ने शाखा को इस समारोह की बधाई के साथ परिवार को मौजूद 70 की संख्या से 100 पहुंचाने का लक्ष्य दिया । अंत में अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने सभी अतिथियों, सदस्यों, परिवार का धन्यवाद किया व परिषद की निवर्तमान टीम को स्मृति चिन्ह भेंट के साथ वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे भेंट किए ।

# दिल्ली की कोर्ट में फिर खूनी खेल...

## दिल्ली के कोर्ट में महिला पर फायरिंग... वकील ने 4 राउंड फायरिंग की, दो गोली पेट में लगी, एक हाथ में, हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के सा**केत कोर्ट में एक वकील ने एक महिला पर चार राउंड फायरिंग की। महिला को दो गोलियां पेट में और एक हाथ में लगी। महिला को फौरन एम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि महिला फाइनेंशियल विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंची थी। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है। इसमें कोर्ट परिसर के लॉयर्स ब्लॉक के बाहर दोनों के बीच कहासुनी होती है। अचानक महिला हमलावर की तरफ जाती है, तभी वह पीछे हटता है और महिला पर



फायरिंग शुरू कर देता है। महिला को दो गोलियां पेट में लगती हैं। तभी कुछ वकील घायल महिला को सहारा देते हैं। इस बीच हमलावर वहां से चला जाता है।

**दावा- आरोपी ने महिला को 25 लाख रुपए दिए थेः**
हमलावर की पहचान कामेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ बिनोद सिंह के रूप में हुई है। आरोपी को बार काउंसिल ने एक अलग मामले में निलंबित कर दिया था। दावा किया जा रहा है कि हमलावर वकील ने पीड़ित महिला को 25 लाख रुपए दिए थे। बाद में महिला पैसा लौटाने में आनाकानी कर रही थी।

**कुछ दिनों पहले ही कोर्ट में एक वकील की हत्या हुई थी:**
कुछ दिनों पहले ही दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में इस तरह की घटना सामने आई थी। बाइक सवार दो लोगों ने एक वकील की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में हमलावर वकील के भेष में थे। घटना के बाद वकीलों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। जिसमें वकीलों की सुरक्षा के बारे में चिंता जताई थी।

### रोहिणी कोर्ट में चली थीं ताबड़तोड़ गोलियां

**इससे** पहले पिछले साल 24 सितंबर को रोहिणी कोर्ट में घुसकर भरी कोर्ट में गैंगस्टर जितेंद्र गोगी की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। कोर्ट में वकील की ड्रेस पहनकर आए दो हमलावरों ने गोगी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थीं। टिल्लू गिरोह के शूटरों ने जितेंद्र गोगी की हत्या की थी। इसमें पुलिस ने दोनों शूटरों को मार गिराया था। कुख्यात बदमाश जितेंद्र उर्फ गोगी को कोर्ट रूम नंबर 207 में पेशी के लिए लाया गया



था। पेशी के दौरान वकील की ड्रेस पहने हुए दो हमलावरों ने गोगी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में स्पेशल सेल की तरफ से भी गोलियां चलाई गईं, जिसमें दोनों हमलावरों की मौत हो गई। इस तरह वारदात में गैंगस्टर गोगी समेत कुल तीन लोगों की मौत हुई थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जितेंद्र को वर्ष 2020 में गिरफ्तार किया था। काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने उसे गुरुग्राम से तीन अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय उस पर दिल्ली पुलिस की तरफ से आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# सिसोदिया शराब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ताः सीबीआई

## कोर्ट में दलीलः इस मामले में एक गहरी जड़ और बहुस्तरीय साजिश शामिल है, आप नेताओं के बयान बचाव का प्रयासः सीबीआई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीबीआई ने** हाईकोर्ट में कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता है। जांच एजेंसी ने कहा कि आप नेताओं के बयान सिसोदिया की रक्षा (बचाव) करने का प्रयास है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध जताते हुए यह तर्क रखा। सीबीआई ने कहा है कि इस मामले में एक गहरी जड़ और बहुस्तरीय साजिश शामिल है। सिसोदिया जांच के दौरान टालमटोल करते रहे हैं। सीबीआई ने कहा कि सिसोदिया को कार्यपालिका और नौकरशाहों के साथ घनिष्ठ साठगांठ का पता चलता है। सीबीआई ने कहा है कि उच्च पद पर आसीन पार्टी के सहयोगी तथ्यात्मक रूप से गलत दावे करना जारी रखते हैं। वे लोग यह साबित करने में लगे है कि सिसोदिया एक राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हैं और जांच को प्रभावित करने के लिए हैं।

**निराधार आरोप लगा जांच पर प्रतिकूल प्रभाव डाला जा रहाः**
सीबीआई के वकील ने कहा, विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) ने पहले ही अपराधों का संज्ञान ले लिया है, और सीबीआई के खिलाफ अनुचित और निराधार आरोप लगाकर जांच पर प्रतिकूल प्रभाव डाला जा रहा है, जिससे मामले के गवाहों को प्रभावित और प्रभावित किया जा रहा है।

### जांच के दौरान पुष्टि

**सीबीआई** ने कहा संबंधित कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री ने जांच के दौरान पुष्टि की कि नीति याचिकाकर्ता द्वारा तैयार की गई थी और केवल आबकारी कर्मियों द्वारा शासित थी, जिसका नेतृत्व सिसोदिया कर रहे हैं।

### बहुस्तरीय साजिश

**= जांच एजेंसी ने कहा कि आप नेताओं के बयान मनीष सिसोदिया की रक्षा (बचाव) करने का प्रयास है**

वकील ने कहा, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन नेताओं के उक्त बयानों के एक खंडन से पता चलता है कि कैसे न केवल आवेदक बल्कि उनकी पार्टी के सहयोगियों के पूरे प्रयास यहां अभियुक्तों को बचाने के लिए हैं। सीबीआई ने कहा, आगे की जांच से पता चला है कि मैसर्स ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड नामक एक इकाई के निदेशक अमनदीप सिंह ढल्ल ने विजय नायर और अन्य के साथ 12% थोक में से 6% कमीशन के भुगतान के लिए नकद उत्पन्न करने की साजिश रची गई। नई नीति के अनुसार यह दक्षिण समूह को लाभ मार्जिन **है**। सिसोदिया फिलहाल सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं।

# पीठासीन अधिकारी के लिए मुकेश गोयल के नाम को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में मेयर चुनाव के लिए मुकेश गोयल दिल्ली पीठासीन अधिकारी होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुकेश गोयल के नाम को मंजूरी दे दी है। जानकारी के लिए बता दें कि पीठासीन अधिकारी सदन का सबसे वरिष्ठ पार्षद होता है। मुकेश गोयल के नाम की मंजूरी मिलने के बाद फाइल एलजी ऑफिस भेज दी गई है। वहीं आम आदमी पार्टी ने कहा कि अगर उपराज्यपाल को मुकेश गोयल के नाम पर आपत्ति हुई तो फाइल राष्ट्रपति को भी जाएगी। 26



अप्रैल को दिल्ली मेयर का होना है चुनाव। सीएम केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की फाइल उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मंजूरी के लिए भेज दी गई है।

# वार्षिक कला प्रदर्शनी का शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उच्च शिक्षा** मंत्री आतिशी ने केजरीवाल सरकार के कॉलेज ऑफ आर्ट द्वारा आयोजित 67वें वार्षिक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि कलाकारों को अपने कला को सकारात्मक तरीके से उपयोग करते हुए समाज को प्रेरित करना चाहिए। कलाकारों को समाज में सकारात्मकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उपयोग करना करना चाहिए। ताकि बेहतर समाज के निर्माण में कला अपनी भूमिका निभाए। वार्षिक प्रदर्शनी के इस मौके पर कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन भी किया। इस कला



प्रदर्शनी ने देश भर के कला प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित किया जिन्हें विभिन्न माध्यमों में विविध प्रकार की कलाकृतियों से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम के बाद उच्च शिक्षा मंत्री ने कॉलेज ऑफ आर्ट के छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। आयोजन के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि कला दर्शकों को अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करती है। और कलाकारों की यह जिम्मेदारी है कि वे समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि कलाकारों को हमेशा इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने कला के माध्यम से समाज में किस संदेश को अभिव्यक्त करना चाहते है।साथ ही उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि अपनी कला के माध्यम से वे सटीक संदेश देते हुए समाज में सम्मानजनक और सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने की क्षमता रखे। उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में शिक्षा हमेशा से दिल्ली सरकार की प्राथमिकता रही है, चाहे वो शिक्षा का कोई भी रूप हो। इस दिशा में कला शिक्षा पर भी हमारा फोकस है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए दिल्ली के छात्रों को सभी विश्वस्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करेगी ताकि वे एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें।

### कला प्रदर्शनी

**= कलाकारों को अपने कला को सकारात्मक तरीके से उपयोग करते हुए समाज को प्रेरित करना चाहिएः उच्च शिक्षा मंत्री**



**मानसून के दौरान जलजमाव रोकने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी कर रही है केजरीवाल सरकार, पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लेने के लिए की समीक्षा बैठक।**

# सिरसपुर इंडस्ट्रियल एरिया में पेपर गोदाम व प. विहार में दो कारों में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली के दो अलग-अलग इलाकों में भीषण आग लगने की घटनाएं हुई हैं। दोनों मामलों दमकल विभाग की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल विभाग के अनुसार आग की पहली घटना बाहरी उत्तरी जिले के सिरसपुर गांव की है। दमकल विभाग के कंट्रोल रूम को शुक्रवार सुबह करीब 7.24 बजे सूचना मिली कि सिरसपुर गांव के गली संख्या-एक स्थित पेपर गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल विभाग ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# एबीवीपी ने डीयू में चलाया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर स्थित दौलत राम महाविद्यालय ने विकासार्थ विद्यार्थी (एसएफडी )तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्राओं द्वारा पोस्टर के माध्यम से स्वच्छ तथा हरित परिसर बनाने का आह्वान किया।

# एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली उड़ान में हुई घटना की डीजीसीए जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) एयर इंडिया की 27 फरवरी को दुबई-दिल्ली फ्लाइट में हुई घटना की जांच कर रहा है। नियामक एयरलाइंस की दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान एक पायलट के महिला मित्र को कॉकपिट में जाने की अनुमति देने की जांच कर रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एयरलाइन कंपनी भी इसकी जांच कर रही है। डीजीसीए के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि नियामक इस मामले की जांच कर रहा है।

# हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
द्वारका इलाके में एक एडवोकेट की चलती गाड़ी में गोली मारकर हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को ऑपरेशन सेल की पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान नरेश उर्फ लाला के रूप में हुई है। इस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से 4 कंट्री मेड पिस्टल एक सोफिस्टिकेटेड पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इसके ऊपर पहले से दिल्ली के प्रशांत विहार और मौर्या एनक्लेव थाने में हत्या के प्रयास सहित दो मामले चल रहे हैं। यह दिल्ली के नरेला इलाके का रहने वाला है।

एसीपी ऑपरेशन की देखरेख में स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज कमलेश कुमार की टीम ने दर्जनों सीसीटीवी फुटेज और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से लाला को पकड़ने में कामयाब हुई। इससे पहले इस मामले में आरोपित प्रदीप कुमार उर्फ बॉबी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। वारदात वाले दिन से ही इन बदमाशों के पीछे लगी पुलिस को पता चला कि लाला झरोदाकलां गांव के पास किसी से मिलने के लिए आने वाला है। उसी इंफॉर्मेशन पर पुलिस टीम ने वहां पर ट्रैप लगाया और देर रात उसे हथियार के साथ दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि इनका एडवोकेट बिरेंदर सिंह के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद था। उस विवाद को लेकर बदला लेने के लिए उन्होंने प्लान बनाकर उनकी हत्या की थी। गिरफ्तार लाला के खिलाफ बाबा हरिदास नगर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

### शिकंजा

**= आरोपित की पहचान नरेश उर्फ लाला के रूप में हुई है। इस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था**

# 'आप' ने दिल्ली पुलिस पर लगाया घोटाले का आरोप

## दिल्ली पुलिस में 350 करोड़ रुपए का घोटाला हो जाता है और एलजी की अब तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं आई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने **दिल्ली** के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना पर प्रश्न उठाए हैं। सौरभ ने शुक्रवार को एलजी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस में 350 करोड़ रुपए का घोटाला हो जाता है और एलजी की अब तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के एक विभाग में कुछ दिन पहले ऑडिट हुआ। दिल्ली पुलिस के अंदर 350 करोड़ का घोटाला हुआ है। बताया जाता है कि प्रोफेशनल सर्विस के नाम पर घोटाला किया गया और पैसा छोटे मोटे मरम्मत



के कार्य में लगाया गया। ठेकेदारों से फर्जी बिल बनाए गए और आज दिल्ली पुलिस ने लीपापोती करना शुरू कर दिया। दिल्ली पुलिस का काम दिल्ली की सुरक्षा करना है, एलजी के पास दो कार्य हैं। वह भले ही नाले पर जा सकते हैं, लेकिन उनका काम डीडीए और दिल्ली पुलिस देखना है। एलजी के नाक के नीचे दिल्ली पुलिस में इतना बड़ा घोटाला कैसे हो गया। एलजी ने इस मामले में एक भी एक ट्वीट नहीं किया ना ही एक भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम एलजी और केंद्र सरकार से पूछना चाहते हैं कि इतना बड़ा घोटाला कैसे हो गया। दिल्ली पुलिस के घोटाला में सीबीआई ईडी कहां हैं। अब तक तो एलजी को सीबीआई ईडी को लेटर लिखना चाहिए था। नकली फर्जी बिलों पर ईडी सीबीआई को सिफारिश क्यों नहीं की। उन्होंने 24 घंटे में ज्यादा हो गया। हम मांग करते हैं कि आपका इस मामले पर इसकी जांच इंडिपेंडेट जांच एजेंसी से कराई जाए।

### 350 करोड़ का स्कैम

**= म एलजी और केंद्र सरकार से पूछना चाहते हैं कि इतना बड़ा घोटाला कैसे हो गया। दिल्ली पुलिस के घोटाला में सीबीआई ईडी कहां हैं**



# जहांगीरपुरी: क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं विशेष ध्यान: सुमन शर्मा

## भविष्य सपनों की उड़ान एनजीओ ने जहांगीरपुरी ए-ब्लॉक के प्राईमरी स्कूल में दिये 150 डेस्क







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा द्वारा जहांगीरपुरी के ए ब्लॉक स्थित प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए स्कूल डेस्क उपलब्ध करवाये गये। आपको बतादें कि यह डेस्क 'भविष्य सपनों की उड़ान' एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध करवाये गये है।

इस मौके पर आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा ने कहा कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है, जिसके लिए मैं हमेशा ही प्रयासरत रहती है। मैं जब इस स्कूल में पहली बार आई तो मैंने देखा कि विद्यार्थी फटे टाट पर बैठे हुए है। आज स्कूल में 150 डेस्क उपलब्ध करवाया दिये गये है। यह डेस्क भविष्य सपनों की उड़ान एनजीओ के द्वारा दिये गये है। पार्षद सुमन शर्मा ने स्कूल में जो अन्य समस्याएं थी उनको भी जाना और कहा कि स्कूल में जो भी समस्याएं है या स्कूल को जो भी सुविधाएं चाहिए वह उपलब्ध करवाने की पूरी कोशिश की जायेगी, ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। आजादपुर मंडल के महामंत्री इन्द्रजीत मुखी ने बताया कि यह कार्य मानवीय संवेदना के प्रति अपनी सहानुभूति को दशार्ता है, मुझे याद है कि जब पहली बार पार्षद सुमन शर्मा ए ब्लॉक के प्राईमरी स्कूल में गई तो उन्होंने देखा कि छोटे-छोटे बच्चे सर्दी में फटे टाट बैठे हुए हैं। यह देख कर उनसे रहा नहीं गया। उन्होंने कहा कि मुझे कैसे भी करके बच्चों के लिए डेस्क की व्यवस्था करनी है। आज उनके अथक प्रयासों से बिना किसी सरकारी बजट के स्कूल को 150 डेस्ट मुहैया कराए गए। इस मौके पर निगम पार्षद सुमन शर्मा के साथ सुधीर, मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी सहित कई लोग मौजूद रहे।



जिला केशवपुरम भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री वीरेन्द्र गोयल को जन्मदिन की बधाई देते हुए जिला केशवपुरम भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व अन्य।

# आंतकवादी घटनाएं रोकने के लिए सरकार कदम उठाए: पम्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पुंछ** जम्मू हाईवे पर सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने ग्रेनेड से आंतकवादिओं ने हमला कर दिया। जिसमें 5 जवान शहीद हो गए। नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और सरकार से मांग की है वह कड़े से कड़े कदम उठाए क्योंकि इस घटना ने पूरे देश को झिंझोड़ कर रख दिया है, इसको लेकर देशभर में काफी रोष है।
परमजीत सिंह पम्मा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा त्रासदी से पूरा देश दुखी है जहां आंतकवादी हमले से वाहन में आग लगने के बाद भारतीय सेना ने अपने बहादुर जवानों को खो दिया है।
नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरे देश की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

# 'एडवोकेट लोकेश राघव कर रहे हैं युवाओं का बेहतर मार्गदर्शन'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एडवोकेट** लोकेश राघव का जन्म दिल्ली में हुआ है और उनकी सारी पढ़ाई भी दिल्ली से ही हुई है। उन्होंने 12वीं की परीक्षा केंद्रीय विद्यालय से पास की है तथा स्नातक की परीक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है। आज कल वह युवाओं को बहुत प्रेरित कर रहे हैं तथा मार्गदर्शन कर रहे हैं और सफलता के मूल मंत्र बता रहे हैं कि जीवन में कैसे अपने कैरियर को आगे बढ़ाएं। युवा किस प्रकार से राष्ट्र के विकास का आधार हैं। युवा राष्ट्र का सबसे ऊजार्वान भाग है। इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने आगे कहा कि सही मानसिकता और क्षमता के साथ युवा राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ा सकते हैं। युवा उर्जा से भरी नदी की तरह है जिसके परिवार को एक सही दिशा की आवश्यकता है। आज का युवा प्रतिभा और क्षमता वाला है। आज का युवा सीखने और नई चीजों को तलाशने के लिए उत्सुक हैं। युवा पीढ़ी आज विभिन्न चीजों को पूरा करने की जल्दबाजी में है और अंत में परिणाम प्राप्त करने की दिशा में इतना मग्न हो जाता है कि उन्होंने इसका चयन किस लिए किया इसकी ओर भी ध्यान नहीं देते हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, गणित, वास्तुकला, इंजीनियरिंग और अन्य क्षेत्रों में बहुत प्रगति हुई है, जिसमें युवाओं का सर्वाधिक योगदान रहा है। युवाओं की सोच रचनात्मक होती है। वे नए प्रयोग करने से पीछे नहीं हटते। युवा में निहित शक्ति किसी राष्ट्र के निर्माण या पतन का प्रमुख कारण होती है।

# 'एलजी फिटनेस सेंटर के कार्यकलापों की जांच के आदेश दें'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पत्रकार सम्मेलन में कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार एक ऐसी सरकार है जिस पर एक मशहूर कहावत 'ऐसा कोई सगा नहीं जिसे इसने ठगा नहीं' चरितार्थ होती है। 2013 में शुरू हुई आम आदमी पार्टी की राजनीतिक यात्रा के प्रारम्भ से ही दिल्ली के ऑटो रिक्शा, टैक्सी एवं छोटे कमर्शियल वाहनों के ड्राइवर अरविंद केजरीवाल के बड़े समर्थक रहे हैं पर यह खेदजनक है कि केजरीवाल सरकार के शासन में इन सभी ड्राइवरों का भारी आर्थिक शोषण हो रहा है। पत्रकार सम्मेलन में प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर एवं प्रदेश भाजपा के आटो टैक्सी प्रकोष्ठ के संयोजक वीर सिंह चौहान भी उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा कि सारी दिल्ली के ऑटो, टैक्सी एवं छोटे कमर्शियल वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी होता है। रोजाना 400 से 500 वाहन चालक यहां फिटनेस सर्टिफिकेट लेने आते हैं और इन सब में दो तरीके का घोटाला होता है जिसको केजरीवाल सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की शह है और वह बुराड़ी फिटनेस सेंटर में चल रहे करोड़ों रुपए महीने के घोटाले के लिये जिम्मेदार हैं। बुराड़ी फिटनेस सेंटर में अपनी आठ घंटे के ड्यूटी समय में 400 से 500 वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने के लिये मात्र एक वाहन इंस्पेक्टर तैनात है।
कल्पना कीजिए कि वह इंस्पेक्टर बिना रूके काम करता है और तब हर मिनट एक वाहन को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करता है जो लगभग नामुमकिन है। इसी तरह केजरीवाल सरकार ने चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम को फिटनेस सर्टिफिकेट से जोड़ दिया है और अब हर ड्राइवर को अपने वाहन की फिटनेस कराने से पहले एक अरविंद केजरीवाल समर्थक एन.जी.ओ मानस फाऊंडेशन द्वारा आयोजित तीन घंटे की प्रशिक्षण क्लास में भाग लेना जरूरी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि बुराड़ी फिटनेस सेंटर में मात्र एक इंस्पेक्टर की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण क्लास अब ड्राइवरों एवं वाहन मालिकों के आर्थिक शोषण का बड़ा माध्यम बन गये हैं और उन्हे एक प्रशिक्षण एवं फिटनेस सर्टिफिकेट लेने के लिये 1500 से 2000 रूपए तक इंस्पेक्टर के दलालों की भेंट चढ़ाने पड़ते हैं।

# अशोक विहार : पृथ्वी दिवस पर मानव श्रृंखला का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पर्यावरण** को सुरक्षित रखने के लिए पृथ्वी दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम, केशवपुरम जोन व लक्ष्मीबाई कॉलेज के द्वारा दो किलोमीटर लम्बी मानव श्रृंखला का आयोजन शिव शंकर चौक अशोक विहार से भारत नगर साहिबी नदी तक किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. हर्षवर्धन सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार, केशवपुरम जोन के उपायुक्त डॉ. नवीन अग्रवाल, सहायक आयुक्त पी.के. सिंह, लक्ष्मी बाई कॉलेज की प्रिंसिपल प्रत्युष वत्सला व स्थानीय निगम पार्षद योगेश वर्मा सहित कॉलेज व स्कूल के हजारों बच्चे उपस्थित थे।
इस अवसर पर सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने केशवपुरम जोन और लक्ष्मी बाई कॉलेज के सौजन्य से आयोजित एक प्रदर्शनी व साथ ही प्रदूषण को कम करने वाले स्प्रिंकलर मशीन का उद्घाटन किया और कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने हेतु प्रत्यनशील है।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार ने मानसून के दौरान दिल्ली में होने वाले जलजमाव को रोकने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां कर रही है। इस बाबत पीडब्ल्यूडी ने राजधानी के विभिन्न मुख्य जलजमाव वाले स्थानों को चिन्हित कर ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का काम कर रही है जो भारी बारिश के दौरान भी जलजमाव की स्थिति पैदा नही होने देंगे। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने इन तैयारियों का जायजा लेने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी चिन्हित स्थानों पर जलजमाव को रोकने से संबंधित किए जा रहे सभी कार्य पूरे हो जाने चाहिए ताकि मानसून के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून से पहले एक निश्चित टाइमलाइन के साथ पीडब्ल्यूडी के नालों की डी-सिल्टिंग का काम पूरा हो जाना चाहिए और उन्हें साप्ताहिक आधार पर उसकी रिपोर्ट पेश की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में हम दिल्ली को जलजमाव से मुक्त करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे है। पीडब्ल्यूडी मंत्री से साझा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि कि पीडब्ल्यूडी ने दिल्ली भर में जलजमाव के 165 पॉइंट्स चिन्हित किए है साथ ही 5 गंभीर जलजमाव वाले क्षेत्र चिन्हित किए है। इन जगहों पर जलजमाव की समस्या को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी पूरी तरह से तैयार है।

**जलजमाव को रोकने के लिए क्या है केजरीवाल सरकार की तैयारियां:** दिल्ली में पीडब्ल्यूडी ने 128 पंप हाउस स्थापित किए है, जिनमें 700 से अधिक पंप है, 11 पंप हाउस पूरी तरह से आटोमेटिक है जो सेंसर के माध्यम से पानी के स्तर के बढ़ते ही स्वत शुरू हो जाते है, मानसून में जरुरत पड़ने पर पीडब्ल्यूडी अपने मोबाइल पंप यूनिट भी तैनात करेगी, नालों की डी-सिल्टिंग का काम जारी है और 31 मई तक पहले फेज की डी-सिल्टिंग का काम पूरा हो जायेगा। मानसून के दौरान पीडब्ल्यूडी का सेंट्रल कण्ट्रोल रूम गंभीर जलजमाव वाले स्थानों की 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी करेगा। इसके अतिरिक्त पीडब्ल्यूडी 10 अन्य स्थानों में कण्ट्रोल रूप स्थापित करेगी।



# एमएलए नरेन्द्र गुप्ता ने समीक्षा बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**

एमएलए नरेन्द्र गुप्ता व डीसी विक्रम ने फरीदाबाद विधान सभा क्षेत्र की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा की। वहीं अधिकारियों को विकास कार्यों में देरी होने पर जबाब देही देने और ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में प्रशासनिक, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, एमसीएफ और एफएमडीए के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बैठक में पेयजल आपूर्ति और सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांटो पर जोर देने के लिए कहा गया। डीसी विक्रम सिंह ने एक-एक करके विभागवार विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं की



बारीकी से समीक्षा कर सम्बंधित विभाग के अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में गर्मी के मौसम के मद्देनजर बेहतर पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम व्यवस्थाएं और एसटीपी के क्रियान्वयन, अवैध कब्जे हटाने, मुख्यमंत्री की घोषणाओं को यथाशिघ्र शुरू करवाना और निर्धारित समय पर पूरा करना तथा बिजली सप्लाई से जुड़ी हुई लाइन तथा अन्य कार्य, सीवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य मूलभूत विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा की गई। समीक्षा बैठक में विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तथा आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली को आधुनिक तौर तरीकों के साथ विभागों तथा एजेंसियो से आपसी सहमति से करवाया जाने बारे बारिकी से चर्चा की गई। सड़कों पर स्ट्रीट लाइटिंग, इल्क्ट्रीकल वर्क, रोड़, फूटपाथ, ग्रील सहित तमाम पहलुओं पर बारिकी से समीक्षा की गई। वहीं पार्किंग, पार्कों, बाउंड्री वॉल, सीवर लाइन आदि के निर्माण कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहे कंस्ट्रक्शन मैटेरियल की जांच की ठीक प्रकार से करवा ली जाए। इस कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक में विधायक नरेन्द्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह, एमसीएफ ज्वाइंट कमीशनर शिखा, स्मार्ट सीटी के जीएम आरके बागड़ी, डीसीएम अरविंद सिंह, डीसीएम कुलदीप सिंह, एमसीएफ से एसई ओमवीर सिंह सहित समीक्षा बैठक से जुड़े अन्य विभागों के तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का मेघा सर्विस कैंप 25 अप्रैल को: सीजेएम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव**

जिला सत्र एवं न्यायाधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाई एस राठौड़ के निर्देशानुसार नालसा द्वारा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के श्रमिक कार्य स्थलों व बस्तियों में पैरा लीगल वालंटियर्स के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पैरालीगल वालंटियर द्वारा राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-28 में आगामी 25 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे शहर के

**8 श्रमिक कार्य स्थलों व बस्तियों में पैरा लीगल वालंटियर्स के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं**

औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिकों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विधिक सेवा योजना सहित सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देंगे। सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में शिक्षा, जेल, बाल कल्याण,समाज कल्याण,लीड बैंक,जिला बाल संरक्षण,महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, रोजगार, हैफेड, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा उनके विभाग से सम्बंधित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि गरीबी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं स्वरोजगार के लिए सरकार के अनेक ऋण संबंधी योजनाएं और परियोजनाएं हैं, जिनका लाभ उठाना चाहिए। पैरा-लीगल वालंटियर्स शहर के श्रमिक बस्तियों व जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इनमें वे अधिक व्यक्तियों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं, विधिक सेवा योजना सहित सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खालसा फतेह मार्च को बोले सो निहाल सत अकाल के उद्घोष के साथ दी गई विदाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिख कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढिया की तीसरी जन्म शताब्दी को मनाते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आज से गुरुद्वारा रकाब गंज साहेब से शुरू किए गए खालसा फतेह मार्च आज सुबह डेरा कार सेवा से आगे के लिए रवाना हुआ। इससे पहले पंच प्यारों को तथा मार्च में शामिल सिंह साहिबान को सिरौपा भेंटकर सम्मानित किया गया। आज सुबह डेरा कार सेवा में बाबा जत्थेदार सुक्खा सिंह की अगुवाई में अरदास की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान भूपिंदर सिंह असंध तथा डेरा कारसेवा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह मौजूद थे। जत्थेदार इंद्रपाल सिंह इससे करनाल में भव्य स्वागत किया गया। डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा सुखा सिंह की अगवानी में सिख संगत ने गुरुग्रंथ साहेब की पालकी व पंज प्यारों पर फूलों की बरखा करते हुए स्वागत किया था। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान भूपेंद्र सिंह असंध तथा जथेदार इंद्रपाल सिंह बताया कि बाबा जस्सा सिंह रामगढिया 18वीं सदी के महान योद्धा हुए हैं, जिन्होंने 1783 ईसवी में बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया व बाबा बघेल सिंह के साथ मिलकर दिल्ली के लाल किले से मुगलिया सल्तनत का झंडा उखाड़ फेंका था। भारत के इतिहास में दिल्ली को फतह करने के बाद मुगलों के प्रभुत्व को समाप्त कर पहली बार खालसा पंथ का परचम लहराया गया, जिसमें बाबा जस्सा सिंह रामगढिया की अहम् भूमिका रही। खालसा फतेह मार्च डेरा कारसेवा से चलकर मुगल केनाल, सैक्टर 13 डिवाइडर मार्ग पर होते हुए सैक्टर 12 से होता हुआ निर्मल कुटिया से होकर जीटी रोड पर चढ़ा। इसके बाद तरावड़ी नीलोखेड़ी से होता हुआ कुरुक्षेत्र की सीमा में पहुंचा। निर्मल कुटिया के सामने मार्च का स्वागत किया गया। डेरा कारसेवा में प्रमुख बाबा जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह की अगुवाई में मार्च को विदाई दी गई। इस अवसर पर जत्थेदार इंद्रपाल सिंह, दर्शन सिंह सहगल, सुखवंत सिंह, गुरुसेवक सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह रामगढिया, गुरुतेज सिंह, जसविंदर सिंह बिल्ला सहित बड़ी संख्या में सगत मौजूद रही।

### महिलाओं पर कोई अत्याचार होता है तो वे इसकी सूचना नजदीकी महिला थाना या हरियाणा महिला आयोग को भिजवाएं: रेनू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने पुलिस लाईन करनाल के सभागर में महिलाओं की शिकायतों / समस्याओं की सुनवाई की और अधिक्तर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि आपसी प्रोप्टर्ी व निजी लडाई झगड़ों में महिलाओं को आगे न लाएं तथा परिवारिक मामलो को आपस में बैठकर निपटाना चाहिए। अगर फिर भी कोई व्यक्ति याा परिवार महिलाओं पर अत्याचार करेगा तो दोषी को बख्शा नही जायेगा और उन्हे सजा दिलवाने का काम करेगा। इस दौरान 14 मामलों की जन सुनवाई की गई। इस अवसर पर डीएसपी मुकेश कुमार, तहसीलदार करनाल ललीता, डीपीओआईसीडीएस राज बाला, महिला पुलिस थाना प्रभारी कन्नू प्रिया, कानून अधिकारी सरिता राणा के अलावा आयोग से अन्जू राठी, पूजा लोबी पुष्पा रावत तथा पुलिस थाना इंर्चाज व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रेनू भाटिया ने बताया कि हरियाणा को अपराध मुक्त प्रदेश बनाने के लिए सरकार द्वारा सकारात्मक प्रयास किये जा रहे है। महिलाओं पर अत्याचार करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में नही बख्शा जाएगा। दोषियों को आयोग द्वारा अंजाम तक पंहुचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि अगर उन पर कोई अत्याचार होता है तो वे इसकी सूचना नजदीकी महिला थाना या हरियाणा महिला आयोग को भिजवाएं। महिला आयोग की चेयरपर्सन ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि महिलाओं के अपराधों की संख्या में बढौतरी नहीं हुई है बल्कि जब से महिला थाने खुले है और महिला आयोग ने पूरी सजगता के साथ कार्य करना शुरू किया है तब से महिलाएं अपराध के प्रति जागरूक हुई है और वे अपराध के खिलाफ अपनी आवाज को उठाने लगी है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कालेज, यूनिर्वसिटी स्तर पर वह महिला अपराधो पर स्टडी कर चुकी है और लड़कियों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में दुषकर्म से पीड़ित, घरेलु हिंसा से पीड़ित, यौन शौषण से पीड़ित, महिला तस्करी, बाल यौन शौषण पीड़ित, गुमशुदा/अपहरण ग्रस्त, बाल विवाह, दहेज उत्पीड?, एसिड अटैक, साईबर काईम से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सुविधाएं दी जाती है तथा उन्हें आकस्मिक सेवा (दुर्घटना स्थल से केन्द्र तक लेकर आना), चिकित्सा सुविधा, पीड़ित महिला को एफआईआर दर्ज कराने में सहायता, मानसिक सामाजिक परामर्श, कानूनी सहायता, विडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है।

# योग निरोग रहने का सर्वोत्तम और सबसे सस्ता साधन: दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा संचालित योग कक्षा ग्रीन बेल्ट सेक्टर 13 में मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में योग क्रियाओं व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। शरीर को ऊर्जावानए तेजवान और बलवान बनाए रखने के लिए 12 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी करवाया गया। दिनेश गुलाटी ने योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए उसके फायदे बताए। उन्होंने कहा कि योग निरोग रहने का सर्वोत्तम और सबसे सस्ता साधन है। बीमारियों से दूर रहने के लिए हर व्यक्ति को सुबह योग अवश्य करना चाहिए।

# जिला में मछली और झींगा पालन के जरिये रोजगार की अपार संभावनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा मछली पालन को एक प्रमुख रोजगार के रूप में अपनाने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली और झींगा पालन के अतंगर्त स्वरोजगार करने वाले लोगों को अनुदान दिया जा रहा है। जिला में फिलहाल कई एकड़ में मछली और झींगा पालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रदेश के किसानों व आमजन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वयन की जा रही हैं । इनमें से जिला में मछली और झींगा मछली



पालन का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगा है। लोगों का झींगा पालन के प्रति रुझान दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। पुरूषों के अलावा अब महिलाएं भी मछली और झींगा मछली पालन कर अच्छी खासी कमाई कर रही हैं। खारे पानी में झींगा पालन करना जिला के नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रहे है। जिला मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत लवणीय क्षारीय क्षेत्रों के लिए तालाबों का निर्माण परियोजना में लागत लगभग आठ लाख रुपए प्रति हेक्टेयर आती है। इसी प्रकार से लवणीय क्षारीय जल कृषि के लिए निविष्टियां परियोजना में लगभग छह लाख रूपए प्रति हेक्टेयर लागत आती है। इस योजना में सामान्य वर्ग के लिए अनुदान की सीमा 40 प्रतिशत तथा कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला तथा सहकारी समिति के लिए 60 प्रतिशत अनुदान लाभार्थियों को प्रदान किया जाता है। प्रति हेक्टेयर पॉलिथीन लगाने पर आठ लाख रुपए पर 25 प्रतिशत की दर से अनुदान भी दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति खारे पानी में झींगा पालन के लिए स्थानीय डबुआ मण्डी में जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क करें। इस बारे में उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि मछली पालन आज के समय में एक मुख्य व्यवसाय बन गया है, जिसके लिए सरकार द्वारा खूब प्रोत्साहन एवं बढ़ावा दिया जा रहा है। मछली पालन विभाग द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विशेषकर युवाओं को खारे पानी में झींगा पालन के लिए जानकारी दी जा रही है। झींगा पालन या मछली पालन के लिए कोई भी व्यक्ति जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। वहीं जिला परिषद के चेयरमैन विजय सिंह ने जिला मत्स्य विभाग दौरा किया तथा मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न स्कीमों को लोगों तक पहुँचाने के विषय में विस्तारपूर्वक बातचीत की।

# किसानों की आय दोगुना करने में बागवानी है कारगर साबित: डीसी विक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने में बागवानी कारगर साबित हो रही है। वहीं किसानों को कैम्पों के जरिये बागवानी करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में उद्यान विभाग द्वारा जिला फरीदाबाद के गांव हीरापुर, मंझावली, कबूलपुर पट्टी में ग्राम स्तरीय जागरूकता कैम्प के आयोजन किये गये। जहां इन जागरूकता कैम्स में मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी



बीमा योजना, भावान्तर भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के पंजीकरण करने के लिए व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए व योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। कैम्प में जिला उद्यान अधिकारी डॉ रमेश कुमार और कार्यालय में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों ने विभाग मुख्य योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई।

# महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **उपायुक्त क**रनाल अनीश यादव और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के नेतृत्व में जिला के अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) का दौरा किया और आगामी 24 अप्रैल को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा किया।

निरीक्षण के दौरान एडवांस सिक्योरिटी लायसन (एएसएल) टीम भी मौके पर उपस्थित रही। इस दौरान राष्ट्रपति को करनाल लाने वाले भारतीय वायु सेना के हैलीकॉप्टर की भी सेफ लैंडिंग का ट्रायल किया गया।

# विधायक ने शुरू कराया बुढ़ेना से तिगांव रास्ते का निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने आज बुढ़ेना से तिगांव जाने वाले रास्ते के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि जून महीने तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

इस मौके पर विधायक राजेश नागर ने बताया कि आने वाले छह महीनों के अंदर क्षेत्र में सभी सड़कें गड्ढा मुक्त होंगी। नागर ने बताया कि बल्लभगढ़ से मंझावली को जाने वाली सड़क का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है।इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को समय पर काम पूरा करने की तस्दीक दी।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समता का वातावरण तैयार हो रहा है और समान विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने सभी 90 विधानसभाओं में विकास कार्यों की झडी लगा रखी है और लोगों की मांग पर उनके विकास कार्य उन्हें पूर्ण करके दिए जा रहे हैं। नागर ने कहा कि भाजपा की सरकारें सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए प्रतिबद्ध हैं और अंत्योदय के मंत्र को पूरी तरह स्थापित करने में जुटी हुई हैं। नागर ने कहा कि मेरे घर के दरवाजे आपके लिए हमेशा खुले हैं।

आप अपनी स्थानीय समस्याओं के लिए मुझसे कभी भी मिल सकते हैं। इससे पहले यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया और करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने पर धन्यवाद किया।

इस मौके पर तिगांव नागर पट्टी के सरपंच विक्रम प्रताप नागर, अधाना पट्टी के सरपंच वेद प्रकाश अधाना, हरिचंद नागर, अमन नागर, धर्म प्रकाश, दयानंद नागर, सुरेन्द्र बिधूड़ी, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, चरण सिंह हवलदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, ठेकेदार, जिला पार्षद, बीडीसी मेंबर सहित गांव के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कुत्ते की नसबंदी व एंटी रेबीज वैक्सीन के लिए नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल से मिलकर कर दी लिखित शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** शहर मे कुत्ते की नसबंदी व एंटी रेबीज के टिके लगवाने के लिए कई सेक्टरों वासियो ने नगर निगम के कमिश्नर से मिलने पहुँचे लेकिन छुट्टी पर होने की वजह से एडिशनल कमीशनर डाक्टर गौरव ऑनतिल को लिखित में शिकायत देकर अवगत कराया। शहर में कुत्तों के आतंक से अवगत कराया ।आऐ दिन पागल कुत्ते किसी ना किसी को काट लेते हैं।और लहूलुहान कर देते है । कुत्तों के काटने की घटना के दिन प्रतिदिन

**8 कुत्तों के काटने की घटना के दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हाल ही मे चौकीदार को बहुत जोर से काटा उसे हॉस्पिटल में दाखिल करना पड़ा सेक्टर निवासी शिव दत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों को सत प्रतिशत आवारा कुत्तों की ज्यादा से ज्यादा नसबंदी व एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने के लिए तेज प्रयास कर देना चाहिए**

बढ़ती जा रही है। हाल ही मे चौकीदार को बहुत जोर से काटा उसे हॉस्पिटल में दाखिल करना पड़ा सेक्टर निवासी शिव दत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों को सत प्रतिशत आवारा कुत्तों की ज्यादा से ज्यादा नसबंदी व एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने के लिए तेज प्रयास कर देना चाहिए । बैठक में बेसहारा गाय से वाहन चालकों को होने वाली समस्या के बारे में भी चर्चा हुई ।सुनील मान ,नरेश शर्मा ने कहा कि आवारा कुत्तों कि सत प्रतिशत नसबंदी ओर एंटी रेबीज वैक्सीन का पूरा प्लान तय्यार करना चाहिए ।अब फरीदाबाद में आवारा कुत्तों ने भयानक रूप ले लिया है ।पार्कों हॉस्पिटलों कोर्ट परिसर ओर सेक्टरों में काफी तादात में कुत्ते दौर धूप करते देखे जा सकते हैं ।पागल कुत्ता अगर किसी पशु या बच्चे को काट लेता है तो वह बता नी सकता कि उसे पागल कुत्ते ने काटा है। ओर एक दो महीने में ही यह बीमारी भयानक रूप ले लेती है ओर फिर उसे बचाया भी नही जा सकता , इसलिए नगर निगम के अधिकारियों ओर करामचरियो को एंटी रेबीज व नसबंदी का अभियान जोरों से चलाया जाना चाहिए , इस मौके पर काफी लोग मौजूद थे ।

# पर्यावरण संरक्षण पर जीवा के छात्रों ने दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** फरीदाबाद सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अनोखे ढंग से अर्थ डे मनाया। 22 अप्रैल को पूरे विश्व में अर्थ डे मनाया जाता है। विश्व में अलग अलग ढंग से अर्थ डे के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वहीं जीवा पब्लिक स्कूल में छात्रों ने अनोखे अंदाज में अर्थ वीक ;सप्ताह द्ध मनाया। विद्यालय के प्रांगण में छात्रों ने सप्ताह भर भिन्न भिन्न प्रकार से क्रियाकलाप किए एजैसे छात्रों ने वेस्ट मैटीरियल्स से सुंदर सुंदर उपयोगी चीजें तैयार कीए विद्यालय परिसर में लगे विभिन्न पेड़ पौधों के विषय में जानकारी प्राप्त कीए छात्रों ने रैली निकाल कर



पर्यावरण के प्रति सबको जागरूक कियाए विद्यालय परिसर में विभिन्न औषधीय गुणों से युक्त पौधे लगाएए वृक्षों की अनिवार्यता को देखते हुए पोस्टर भी बनाए। इसके अलावा प्रार्थना सभा के दौरान भी विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्रों ने स्वरचित कविता प्रस्तुत कीए अपने लक्ष्य बताएए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने बताया कि प्रतिदिन पृथ्वी विनाश की ओर जा रही है और उसकी विनाश का कारण मनुष्य है। मनुष्य अपने स्वार्थ की पूर्ति के

**8 विद्यालय परिसर में विभिन्न औषधीय गुणों से युक्त पौधे लगाएए वृक्षों की अनिवार्यता को देखते हुए पोस्टर भी बनाए**

लिए संसार की प्रत्येक वस्तु का प्रयोग करता है। अब समय आ गया है कि मनुष्य पृथ्वी के संरक्षण के विषय में भी कार्य करें। छात्रों ने संदेश दिया कि हमारा कर्तव्य बनता है कि हम पृथ्वी का सरंक्षण करें। किंडरगार्टन के छात्रों ने भी अपने ढंग से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अपनी कक्षा के बाहर लगे ग्रीन बोर्ड पर पृथ्वी को बचाने का संदेश देते हुए अनेक चित्र एवं उसके संरक्षण के उपायों को प्रदर्शित किया। नन्हे मुन्ने छात्रों ने विद्यालय में लगे पेड़ों को गले लगाया। छात्रों ने बताया कि वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैंए हमें उनकी रक्षा करनी चाहिए। इसके अलावा विद्यालय में छात्र अपने जन्मदिन के अवसर पर एक पौधा भी लाते हैं और विद्यालय के प्रांगण में लगाते हैं तथा उनकी देखभाल विद्यालय की नैचुरलिस्टक टीम के द्वारा किया जाता है। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान उपाध्यक्षा श्रीमती चंद्रलता चौहान ने छात्रों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा शर्मा ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें धरती माता की रक्षा करनी चाहिए एवं सम्मान भी करना चाहिए।कैप्शनरू. कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए।

# क्राइम ब्रांच 65 ने चोरी के आरोपी को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने चोरी तथा अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गया आरोपी का नाम सागर उर्फ दशरथ है जो बिहार के पटना का रहने वाला है और फिलहाल गौछी में किराए के मकान पर रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई

**8 गिरफ्तार किए गया आरोपी का नाम सागर उर्फ दशरथ है जो बिहार के पटना का रहने वाला है**

करते हुए आरोपी को चोरी की पिकअप गाड़ी तथा अवैध हथियार सहित आगरा कैनाल रोड सौतई गांव से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने बताया कि यह बोलेरो पिकप गाड़ी उसने सेक्टर 58 एरिया से चोरी की थी जिसके लिए चोरी का एक मुकदमा सेक्टर 58 थाने में दर्ज है। इससे पहले भी स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दे चुका है और आरोपी के खिलाफ सेक्टर 58 थाना एरिया में एक मुकदमा दर्ज है जिसमें आरोपी जमानत पर चल रहा है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 22 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# आज से शुरू होगी चारधाम यात्रा

## 1550 किमी के सफर का 85% रास्ता हो चुका सुगम, अब 6 दिनों में भी पूरी यात्रा संभव

### कपाट खुलेंगे...

**22 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। 25 को केदारनाथ और 27 को बद्री विशाल के दर्शन शुरू होंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चारधाम** यात्रा शनिवार से शुरू होगी। 22 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। 25 को केदारनाथ और 27 को बद्री विशाल के दर्शन शुरू होंगे। चारों धामों के बीच 1,550 किमी से ज्यादा दूरी तय कर तैयारियों का जायजा लिया। पहले जहां ऋषिकेश से सड़क मार्ग से चारधाम यात्रा पूरी करने में कम से कम 7 दिन (रोज 7-8 घंटे का सफर) लगते थे, इस बार 6 दिन (रोज 7 घंटे यात्रा) में यात्रा पूरी हो सकती है, क्योंकि 85% रास्ता सुगम हो चुका है। हालांकि, रुकते-रुकाते यात्रा का इरादा है तो 9 से 10 दिन लगेंगे। ज्यादातर श्रद्धालु ऋषिकेश के भद्रकाली तिराहे से चारधाम यात्रा शुरू करते हैं। यहां चेकपोस्ट पर रजिस्ट्रेशन आईडी और गाड़ी का ग्रीन कार्ड आदि चेक कराना होगा। दूसरा चेकपोस्ट ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाइवे पर ब्रह्मपुरी में है। प्रशासन की हरी झंडी के बाद सफर शुरू कर सकते हैं। भद्रकाली तिराहे से गंगोत्री की 264 किमी लंबी यात्रा शुरू करते हैं। 2 बजे चंबा में एक छोटी सी टनल हिमालय रेंज से मुलाकात कराती है। तलहटी में टिहरी झील मनमोहक है। साइड में रुककर नजारा देख सकते हैं। उत्तरकाशी तक ऑल वेदर रोड की डबल लेन है। गंगोत्री की 100 किमी की दूरी साढ़े तीन से चार घंटे में कर सकते हैं। गंगोत्री से 25 किमी पहले गांव हर्षिल में रुक सकते हैं। गंगोत्री से यमुनोत्री के लिए 150 किमी दूर उत्तरकाशी के धरासूबैंड आना होगा। यहां से 102 किमी लंबे जानकीचट्टी मार्ग को पकड़ना होगा। जानकीचट्टी से यमुनोत्री के लिए 6 किमी का जोखिम भरा ट्रैक है। कई जगह खड़ी चढ़ाई है। खच्चर और पालकी की सुविधा है। यमुनोत्री से बद्रीनाथ के लिए वापस धरासूबैंड आएंगे। 150 किमी दूर रुद्रप्रयाग जाएंगे। फिर जोशीमठ और वहां से बद्रीनाथ जाएंगे। असली परीक्षा जोशीमठ से 20 किमी दूर पांडुकेश्वर के बाद होगी। यहां पुल का काम बाकी है। जगह-जगह चौड़ीकरण जारी है। कई जगह रास्ता संकरा है। जाम लग सकते हैं। पांडुकेश्वर या बद्रीनाथ परिसर के अंदर रुक सकते हैं। बद्रीनाथ में 25 हजार लोग रुक सकते हैं। एक दिन में 15 हजार लोग ही दर्शन के लिए आ सकेंगे। गाड़ियां नहीं आएंगी।

### हेलीकॉप्टर से आसान होगी यात्रा

**चारधाम** यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा बढ़ रही है। 5-6 कंपनियां 18-20 हेलीकॉप्टर चला रही हैं। हरिद्वार से यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ होते हुए बद्रीनाथ की यात्रा 4 दिन और 5 रातों में पूरी होती है। एक हेलीकॉप्टर में 6 लोग जाते हैं। आपका वजन 75 किलो से ज्यादा है तो प्रति किलो 1000 रु. अतिरिक्त लगेंगे। दो साल से छोटे बच्चों का कोई चार्ज नहीं। कंपनी देहरादून स्टेशन या एयरपोर्ट से पिक करेगी।

बद्रीनाथ से रुद्रप्रयाग आएं। यहां से केदारनाथ 90 किमी है। कई जगह चौड़ीकरण जारी है। गुप्तकाशी से पहले 10 किमी लंबा कच्चा मार्ग है। 40% से अधिक हिस्सा सिंगल लेन है। कुछ पुराना है। कई जगह पत्थर गिरने का खतरा है। जाम से बचना बड़ी चुनौती है। वाहन या बस से सोनप्रयाग तक पहुंच सकते हैं।

# चारधाम यात्रा 2023 का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया बसों को रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
**उत्तराखंड** में शुक्रवार से चारधाम यात्रा 2023 का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश आईएसबीटी से "जय बद्री, जय केदार, चारों धामों में हो रही जय जयकार" के उद्घोष के बीच बसों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर चारधाम यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल, परिवहन मंत्री चंदन रामदास, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नगर निगम महापौर अनीता ममगांई, हंस फाउंडेशन के संस्थापक भोले महाराज उपस्थित थे। इस दौरान संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कोरोना काल के बाद दूसरी बार हो रही यह यात्रा पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। अभी तक 16 लाख से अधिक यात्रियों ने अपना पंजीकरण करा लिया। यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसकी तैयारियां की हैं। सरकार ने इस प्रकार की व्यवस्था की है कि कोई भी यात्री बिना दर्शन करे वापस नहीं जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केदारनाथ में किए गए जीर्णोद्धार कार्य की प्रशंसा की। इसी के साथ उन्होंने बद्रीनाथ में हो रहे विकास कार्यों के अतिरिक्त हेमकुंड जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे रोपवे पर कार्य भी जल्द पूरा किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गंगोत्री-यमुनोत्री के विकास के लिए भी सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि यात्रा के दौरान जो भी समस्याएं आएंगी, उसे भी जल्द समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार चारों धामों में यात्रियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से फूल वर्षा कर किया जाएगा।

### यात्रा सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी

**"जय बद्री, जय केदार, चारों धामों में हो रही जय जयकार" के उद्घोष के बीच बसों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

# मुख्तार की पत्नी अफसा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी



**टीम एक्शन इंडिया/मऊ**
**माफिया मुख्तार** अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी के खिलाफ शुक्रवार को मऊ पुलिस ने लुक आउट नोटिस (देश छोड़कर जाने पर पाबंदी) जारी किया है। भारत की सभी सीमाओं पर इसकी सूचना भेज दी गई अफसा पर पुलिस ने 25 हजार तो गाजीपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उनके गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई है। क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा ने जानकारी के देते हुए बताया कि आईएस-191 का सरगना माफिया मुख्तार अंसारी काफी समय से जेल में बंद है। उसके काली कमाई को उसकी पत्नी द्वारा चलाया जाता है। अफसा ने दो फर्मों की रजिस्ट्रेशन कराया, जो एक मऊ में तो दूसरा गाजीपुर से संचालित होता था। विकास कंस्ट्रक्शन के नाम से मऊ में फर्म का रजिस्ट्रेशन हुआ था, जिसका मालिकाना हक मुख्तार के दो साले हैं। उस फर्म के जरिए दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रैनी गांव में कुछ सरकारी व दलितों की जमीन को अपने दबंगई के माध्यम से लिखवाई थी। उसी जमीन पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का गोदाम बनाकर करोड़ों रुपया सालाना किराया आता था। इसकी सूचना जब प्रशासन को लगी तो प्रशासन ने जांच करा कर कब्जा मुक्त कराया और मुख्तार अंसारी की पत्नी व सालों को खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया। क्षेत्राधिकारी नगर के अनुसार मुख्तार के जेल में रहने के दौरान सभी फर्म का संचालन उसकी बीवी आफसा करती है इस बात का डॉक्यूमेंट्री सबूत है। एक साल से फरार चल रही है। पुलिस कई बार दबिश दे चुकी। न्यायालय द्वारा कई बार कार्रवाई हुई, लेकिन वह ना तो आत्मसमर्पण की और न ही गिरफ्तारी दी। पुलिस को शक है कि भारत से विदेश भाग सकती हैं, इसीलिए पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया।

### सबूत

**मुख्तार के जेल में रहने के दौरान सभी फर्म का संचालन उसकी बीवी आफसा करती है इस बात का डॉक्यूमेंट्री सबूत है**

# प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेंगी सुषमा: ब्रजेश पाठक




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महापौर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल प्रचण्ड बहुमत से चुनाव जीतेंगी। इसके साथ ही भाजपा के षार्षद उम्मीदवार भी भारी वोटों से जीत दर्ज करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को हलवासिया मार्केट में भाजपा महापौर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल के कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर यह बातें कहीं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में यहां पर उपस्थिति दर्ज कराकर समर्थन जताया है। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि भाजपा महापौर उम्मीदवार के प्रति कार्यकताओं में भारी उत्साह है।

### दावा

**सभी वार्डों में उनका पहुंचना सम्भव नहीं है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता सुषमा खर्कवाल समझकर पार्टी के लिए काम करें**

सुषमा खर्कवाल के पक्ष में जो माहौल बन रहा है वह लगातार जीत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सुषमा खर्कवाल के पास समय कम है। सभी वार्डों में उनका पहुंचना सम्भव नहीं है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता अपने को सुषमा खर्कवाल समझकर पार्टी के लिए काम करें। इस अवसर पर भाजपा महापौर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा मैदान में रहता है। इसलिए हमारी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने कोई चुनौती नहीं है।

